
हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## दूसरे दिन भी धुंध ने छीनीं कई जानें

- 5 से 10 मीटर तक दृश्यता
- वाहन दिख रहे न सड़क


ठंड और घने कोहरे के बीच छोटे बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही

# जानलेवा कोहरा

## फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूंह, सोनीपत, हिसार सिरसा, रेवाड़ी में सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त

**आज भी गहरी धुंध छाएगी**

*कृषि मौसम विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, हरियाणा में अगले कुछ दिनों तक मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिलेगा। 20 दिसंबर तक राज्य का मौसम सामान्यतः शुष्क रहेगा, लेकिन बीच-बीच में बादल और गहरी धुंध का असर बना रहेगा। 16 और 17 दिसंबर को उत्तर व उत्तर-पश्चिमी दिशा से चलने वाली ठंडी हवाओं के कारण रात के तापमान में गिरावट जबकि दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।*



## सीआईएसएफ इंस्पेक्टर, लेडी एएसआई समेत पांच की मौत

**सरकार की लोगों से अपील**
**मौसम की जानकारी लेकर ही सफर करें और अलर्ट रहें**

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

हरियाणा में सोमवार को भी कोहरा जानलेवा साबित हुआ। राज्य के अधिकांश जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जिलों में सुबह विजिबिलिटी 5 से लेकर 10 मीटर तक ही रही। इसी वजह से फरीदाबाद, नूंह, सोनीपत, हिसार और सिरसा सहित अन्य कई जिलों में सड़क हादसे हुए। हादसों में सीआईएसएफ इंस्पेक्टर, लेडी एएसआई सहित 5 लोगों की मौत हो गई। फरीदाबाद में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सीकरी के पास तेज स्पीड फोर्ड एंडेवर कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर में घुस गई। हादसे में कार ड्राइवर सहित 2 की मौत हो गई। फरीदाबाद में ही दूसरे हादसे में तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी आगे चल रहे कंटेनर में घुस गई। नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गांव रनियाला के समीप 8 वाहन आपस में भिड़ गए, जिसमें सीआईएसएफ इंस्पेक्टर सहित दो लोगों की मौत हो गई। नूंह में ही चंडीगढ़ जा रही बस सुबह करीब 6 बजे गांव घासेड़ा के पास हादसे का शिकार हो गई, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं।

### फरीदाबाद : एंडेवर कार कंटेनर से टकराई, दो की जान गई



फरीदाबाद के सीकरी के पास घनी धुंध के कारण तेज रफ्तार फोर्ड एंडेवर कार खड़े कंटेनर से टकरा गई, जिसमें कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें से एक की पहचान जयपुर निवासी संदीप के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नूंह : गांव रनियाला के पास टकराए 8 वाहन, 2 की मौत



नूंह जिले में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गांव रनियाला के समीप घने कोहरे के कारण करीब 8 वाहन आपस में भिड़ गए। सुबह करीब 8 बजे अलवर की तरफ से दिल्ली की ओर जा रहा एक अमरूदों से लदे ट्रक में पीछे से एक बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अमरूदों का ट्रक पलट गया, जिसके ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। इसके बाद एक के बाद एक गाड़ी आपस में टकराने लगी। सीआईएसएफ इंस्पेक्टर सहित दो लोगों की मौत हो गई थी, वहीं 3 से 4 लोग की हालत गंभीर है।

### सोनीपत : जम्मू-कटरा हाईवे पर हादसा, लेडी एएसआई की मौत



सोनीपत में गोहाना के पास जम्मू-कटरा नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण जबरदस्त हादसा हुआ। एएसआई सीमा की कार खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में सीमा की मौके पर ही मौत हो गई। सीमा सोनीपत के गांव मुरथल की रहने वाली थी। वह गांव मुरथल से जींद ड्यूटी पर जा रही थी। गोहाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इसके साथ ही जिले में कई अन्य जगह भी हादसे हुए।

### आठ जिलों में घना कोहरा

1. गुरुग्राम में सड़क पार्किंग पर पुलिस ने रोक लगाई, दिल्ली बॉर्डर पर खड़े ट्रकों को सड़कों से हटवाने का काम शुरू कर दिया है।
2. नूंह में रोडवेज की दो बस आपस में टकराई, कई सवारियां घायल, हिसार में एनएच 9 पर कार डंपर में घुसी, तीन लोग गंभीर घायल।
3. भिवानी-झज्जर में घना कोहरा छाया, दिनभर धूप नहीं निकली। रोहतक, नारनौल व सोनीपत में दोपहर 12 बजे के बाद सूर्य के दर्शन हुए।

### दिल्ली पर ठंड, स्मॉग व प्रदूषण का तिहरा हमला

**एक्यूआई 500 के पार पहुंचा ग्रैप 4 की पाबंदियां भी नाकाम रहीं**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली पर ठंड, स्मॉग और प्रदूषण का तिहरा हमला हो रहा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर कम होने से हवा थम गई है। इससे प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। ग्रैप-4 लागू होने के बावजूद वजीरपुर और रोहिणी इलाकों में एक्यूआई 500 के लेवल तक पहुंच गया। प्रदूषक कण वातावरण में फंसे रहे और राजधानी गैस चेंबर बन गई। रविवार को इस साल का सबसे घना कोहरा भी छाया। अक्षरधाम समेत कई इलाकों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक सिमट गई। धुंध-कोहरे के कारण 60 फ्लाइट रद्द कर दी गईं, जबकि 250 देरी से चल रही हैं। 5वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन चलेंगी।

हरिभूमि पाठक सर्वे योजना हरियाणा

**खबर संक्षेप**

### नए साल में रामलला के दर्शन को उमड़ेगी भीड़

**अयोध्या।** राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के बाद से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। रोजाना एक



लाख से अधिक श्रद्धालु रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। अब नववर्ष में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसकी पुष्टि इस बात से हो रही है कि 31 दिसंबर से दो जनवरी के लिए अधिकांश होटलों के 75 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। भक्त साल के पहले दिन प्रभु के दर्शन करेंगे। वैष्णों देवी, खाटू श्याम, उज्जैन, काशी विश्वनाथ, मथुरा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर अपनी आस्था निवेदित करते हैं। *एजेंसी*

### राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन ने संभाला कार्यभार



**नई दिल्ली।** नितिन नबीन ने सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि नबीन के संगठनात्मक कौशल से जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की पार्टी की यात्रा को एक नई दिशा मिलेगी। भाजपा मुख्यालय में नबीन को जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में सम्मानित भी किया गया। *एजेंसी*

## दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे मोदी

# जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से मिले पीएम, हुसैनिया महल में स्वागत

**अम्मान (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से हुसैनिया पैलेस (महल) में मुलाकात की। हुसैनिया पैलेस पहुंचने पर पीएम का औपचारिक स्वागत किया गया। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने मोदी का स्वागत किया। पीएम ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात भी की। इस दौरान कलाकारों ने मोदी के सामने कल्चरल परफॉर्मेंस दी। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे।

■ भारतीयों से की मुलाकात हुआ भव्य स्वागत



### भारत-जॉर्डन रिश्ते के 75 साल पूरे

भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं। भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26,033 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13,266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45,275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40% है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है।

(संबंधित खबर पेज-8 पर)

**मोदी सरकार शीतकालीन सत्र में लाएगी नया बिल**

# अब मनरेगा की जगह लेगा विकसित भारत जी राम जी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त कर ग्रामीण रोजगार के लिए नया कानून लाने संबंधी एक विधेयक की प्रतियां लोकसभा के सदस्यों को बांटी गई हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। विधेयक की प्रति के अनुसार इसका मकसद 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' विधेयक, 2025' संसद में लाने और 2005 के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को निरस्त करने का प्रस्ताव है।

*बिल की कॉपी लोकसभा में वितरित की गई, अब 100 की जगह 125 दिन होगी रोजगार गारंटी*

### ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना उद्देश्य

विधेयक का उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप "ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्त वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी।

### उधमपुर एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी शहीद, एक आतंकी को भी लगी गोली

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सोमवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया है। वहीं जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को भी गोली लगी है। हालांकि उसकी मौत की सूचना नहीं है। सुरक्षाबलों ने बताया कि उधमपुर में मजालता इलाके के सोआन गांव के पास शाम 6 बजे तीन आतंकियों के मौजूद होने की सूचना मिली। जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया था। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। आतंकियों की एक गोली जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के जवान अमजद पठान को लगी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सोशल मीडिया पर बस एक पोस्ट और नहीं मिलेगा अमेरिका का एच1बी वीजा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** बीते वक्त में अवैध प्रवासियों या एच1बी वीजा को लेकर दिखाई गई अमेरिका के राष्ट्रपति की सख्ती में फिलहाल नरमी के कोई संकेत नहीं हैं। पहले डोनाल्ड ट्रंप ने इस वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी थी। तो वहीं सोमवार (15 दिसंबर) से शुरू की गई वीजा आवेदनों की जांच में अमेरिकी प्रशासन ने ऑनलाइन उपस्थिति के साथ-साथ सोशल मीडिया प्रोफाइल की स्क्रीनिंग के एक और बड़े कदम की शुरुआत कर दी है। एच1बी वीजा के साथ एच-4 वीजा आवेदन और उन पर आश्रित लोग भी इसके दायरे में आएंगे। मतलब साफ है कि अगर आपको दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क की यात्रा करने के लिए एच1बी वीजा चाहिए तो खबरदार हो जाइये। क्योंकि आपकी सोशल मीडिया पर की गई महज एक पोस्ट आपको इससे वंचित कर सकती है।

**अयोध्या में दी जाएगी जलसमाधि**

## राम मंदिर आंदोलन से जुड़े डॉ. रामविलास वेदांती का निधन

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर आंदोलन के संत और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने मध्यप्रदेश के रीवा में दोपहर 12.20 बजे अंतिम सांस ली। वे 67 साल के थे। वेदांती की रीवा में रामकथा चल रही थी। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। दो दिन से उनका इलाज रीवा के एक हॉस्पिटल में चल रहा था। सोमवार सुबह तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हें एयर लिफ्ट करके भोपाल एम्स ले जाने की तैयारी थी। एयर एम्बुलेंस पहुंच भी गई, लेकिन कोहरे की वजह से लैंड नहीं कर सकी। डॉ. रामविलास दास वेदांती के उत्तराधिकारी महंत राघवेश दास वेदांती ने बताया कि महाराजजी का पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जा रहा। महाराज जी की अंतिम यात्रा अयोध्या के हिंदू धाम से मंगलवार सुबह निकलेगी और राम मंदिर तक जाएगी। सरयू तट पर सुबह 10 बजे उन्हें जल समाधि दी जाएगी। अंतिम दर्शन के लिए देशभर से संत आएंगे।


दोपहर 12.20 बजे अंतिम सांस ली, 67 वर्ष के थे

### रीवा के गुढ़वा गांव में हुआ जन्म

डॉ. वेदांती का जन्म रीवा के गुढ़वा गांव में 7 अक्टूबर 1958 को हुआ था। जब वे 12 साल के थे, तब अयोध्या आ गए थे। वे यूपी के प्रतापगढ़ और जौनपुर की मछलीशहर सीट से दो बार भाजपा के सांसद भी रहे। डॉ. रामविलास वेदांती बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में आरोपी थे, हालांकि 2020 में कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था।

## पहलगाम हमला : लश्कर आतंकी साजिद जट्ट पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड

# एनआईए ने दाखिल की 1597 पन्नों की चार्जशीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ 1597 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा'/ टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है। 22 जुलाई को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी।

**जट्ट लश्कर का ऑपरेशंस चीफ, 10 लाख का इनाम**

**अमीर लोगों को 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर सख्त टिप्पणी की**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों को 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा- इससे भगवान के आराम के समय में भी बाधा पहुंचती है। यह टिप्पणी मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई। बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी ने बढ़ा दिया है। 12 सितंबर को हुई मीटिंग में प्रतिदिन 2:30 घंटे समय बढ़ाने का निर्णय लिया था। इसके खिलाफ मंदिर के गोस्वामियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि दर्शन के वक्त को नहीं बदला जा सकता।

## बांके बिहारी मंदिर से जुड़े मामले में हुई शीर्ष कोर्ट में सुनवाई

# दर्शन की टाइमिंग बढ़ाने पर सीजेआई नाराज बोले-भगवान को भी चैन से नहीं सोने देते

*भगवान के आराम का अपना वक्त होता है। इसमें दखल नहीं दिया जा सकता। बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाने के निर्णय के बाद मंदिर के गोस्वामियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।*

### दर्शन के वक्त को नहीं बदला जा सकता

**प्रभावशाली लोग बड़ी रकम देकर पूजा कर रहे**

सीजेआई ने कहा- भगवान के आराम के वक्त में उन्हें आराम कहां करने दिया जाता है। उस वक्त जब आम श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकते, प्रभावशाली लोग बड़ी रकम देकर पूजा कर पाते है। उन्हें पूजा करने की इजाजत होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली भी शामिल थे।



### यूपी सरकार को भी नोटिस

खंडपीठ ने बांके बिहारी मंदिर की दर्शन समय-सीमा में बदलाव और कुछ पारंपरिक धार्मिक प्रथाओं, खासकर देहरी पूजा को रोके जाने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रबंध समिति से जवाब मांगा है। यूपी सरकार को भी नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में होगी। अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर प्रशासन को एक हाई पावर कमेटी की निगरानी में दे दिया था।

## चौधरी मित्रसेन आर्य की 95वीं जयंती मनाई

# चौधरी मित्रसेन आर्य ने अपने कौशल से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान : कैप्टन अभिमन्यु


## ■ चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने हवन में आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म पावन भूमि खांडा खेड़ी में 1931 में हुआ था। गांव में ही पढ़ाई करके उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, उनके पद चिन्हों पर चलकर परिवार भी उनके कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। यह बात प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य के 95वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य के दौरान अपने संबोधन में कही। चौधरी मित्रसेन आर्य के जन्मदिवस पर सबसे पहले हवन किया गया। इसमें स्व. चौधरी मित्र सेन के परिवार के सदस्यों, निकट संबंधियों तथा ग्रामीणों ने आहुति डाली। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद गांव के बुजुर्गों व कैप्टन अभिमन्यु ने जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट किए।

■ स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने बड़े साधारण तरीके से रहते हुए सामाजिक सरोकारों में स्वयं को जोड़कर रखा

कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि चौधरी मित्र सेन आर्य बड़े साधारण तरीके से रहते थे। उन्होंने सामाजिक सरोकारों में स्वयं को जोड़कर रखा, अपनी सादगी, सरलता को बनाए रखा। गरीब से गरीब और प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति तक के व्यक्ति से उनका व्यवहार रहा। वे जाति-पाति को नहीं मानते थे। उनका मानना था कि इस सृष्टि में दो ही जाति हैं, मानव और पशु की, जो स्वेच्छा से पुरुषार्थ करता है वो मनुष्य और जो दासता का काम करता है वो पशु व्यवहार करता है। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए देश के अलग-अलग क्षेत्रों में गुरुकुलों का निर्माण करवाया। चौधरी मित्रसेन के जाने के बाद भी उनके द्वारा चलाए गए गुरुकुलों को परममित्र मानव निर्माण संस्थान की तरफ से कैप्टन रूद्र सेन के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। आसाम, अरुणाचल प्रदेश और केरल में नए गुरुकुलों का निर्माण किया गया है। चौधरी मित्रसेन आर्य हर वर्ष अपने क्षेत्र की लोगों का सम्मान करते थे। सर्दियों में जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट करते थे। उसी परंपरा के अनुसार आज कंबल भेंट किए गए हैं।


नारनौंद। स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।



नारनौंद। जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

### भारत मित्र स्तंभ दे रहा प्रेरणा : सुभाष श्योराण




इंडस शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने कहा कि भारत मित्र स्तंभ हमें प्रेरणा देता है। इसमें पूरे देश की संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश और विदेशों से लोग इसको देखने पहुंचते हैं। इसके निर्माण के बाद 15 दिसंबर को इंडस शिक्षण संस्थाओं के छात्रों सहित 12 हजार छात्र भी यहां आकर देश की संस्कृति को देख चुके हैं। कुछ समय पहले दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन हुआ था, इसमें सबसे बड़ा डेलिगेशन परममित्र मानव निर्माण संस्थान का था। 26 दिसंबर को राखी गढ़ी महोत्सव में भी हमारे शिक्षण संस्थान, परममित्र मानव निर्माण संस्थान का सहयोग रहेगा। संस्थान की ओर से हर वर्ष करीब 50 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी जा रही है। करीब 70 मेधावी छात्रों को निःशुल्क पढ़ाया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, युवा भाजपा नेता अजय सिंधु, जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, संजय खरब, एडवोकेट दीपक लोहान, पार्षद सुनील बैरागी, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, ईश्वर बडाला, जयबीर माजरा, सुधीर बड़ाला, अमरजीत लोहान, अंग्रेजों आदि विशेष तौर पर मौजूद रहे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) कृष्ण कुमार** पुत्र खुशी राम निवासी- मकान संख्या 881, सेक्टर 16-17, हिसार, हरियाणा **(2) राजीव सिन्हा** पुत्र भोला प्रसाद निवासी- 86-ए/5, हुमायूंपुर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 229/23 धारा 420/467/468/471/34 भा.द.स थाना बुध विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) कृष्ण कुमार, (2) राजीव सिन्हा** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) कृष्ण कुमार, (2) राजीव सिन्हा** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) कृष्ण कुमार, (2) राजीव सिन्हा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 229/23 धारा 420/467/468/471/34 भा.द.स थाना बुध विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री संयम जैन**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर-पश्चिम)
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/16738/RD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी एकलाख उर्फ इस्तिहाक पुत्र** जफरू, **पता:** गाँव सुदाका, तहसील–नुह, जिला–मेवात, हरियाणा, **एवं:** मकान नं. 145, मस्जिद के पास, गाँव सुदाका, मेवात, **हरियाणा। FIR No. 0172/2014, Dt. 06.05.2024, U/s: 307/34 IPC, पुलिस थाना: न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एकलाख उर्फ इस्तिहाक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एकलाख उर्फ इस्तिहाक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **एकलाख उर्फ इस्तिहाक FIR No. 0172/2014, Dt. 06.05.2024, U/s: 307/34 IPC, पुलिस थाना: न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ललित कुमार,**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दक्षिण पूर्व**
**कमरा नंबर 613, (फास्ट ट्रैक कोर्ट)–01**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/16788/SE/2025
(Court Matter)

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मार्केटिंग बोर्ड के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# गेट पास से मंडी शुल्क तक की वसूली प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान सेवा को पर्याय बनाते हुए प्रदेश की मंडियों को ऐसा मॉडल बनाएं जिसका अनुसरण पूरा देश करे। इसके अलावा मंडी शुल्क वसूली, व्यवहार में शत-प्रतिशत ईमानदारी बरतें और किसानों का विश्वास बनाएं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा। इसके साथ ही मंडियों को देश की सबसे आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी मंडी व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री मार्केटिंग बोर्ड नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मार्केट कमेटियों के चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन के अलावा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां, डॉ. अर्चना गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी बीबी भारती सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



### किसानों को ऊचित मूल्य दिलाना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड के पदाधिकारियों की नींव अन्नदाता की समृद्धि और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती टिकी हुई है। मंडी व्यवस्था किसानों के पसीने की कमाई को सही मूल्य और सम्मान दिलाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है जिससे किसान सशक्त होगा तो हरियाणा प्रदेश सशक्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्केट कमेटियां सिर्फ सरकारी दफ्तर नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के शक्ति केंद्र हैं। इसलिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी मंडियों का उचित प्रबंधन करना है। साथ ही, किसान और व्यापारी के आपसी संबंधों को ओर अधिक विश्वसनीय व मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि मंडियों में ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां किसान को उपज लाते ही सही माप, मूल्य और समय पर भुगतान मिले और व्यापारी को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और व्यापार करने का बेहतर वातावरण मिले।

### ई-खरीद से उपज का पैसा सीधा खातों में मिल रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्केट कमेटियों ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल क्रांति को अपनाने में सराहनीय कार्य किया है। ई-खरीद और डीबीटी को सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया है ताकि, किसान के खाते में उसकी फसल का पैसा सीधे और समय पर पहुंचे। बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर, किसानों को उसकी मेहनत का पूरा हक दिलवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेट पास जारी करने से लेकर अन्य सुविधाओं को डिजिटल किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से आए प्रबुद्धजनों से संवाद किया

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सीएम विंडो पर दर्ज होने वाली प्रत्येक शिकायत केवल एक औपचारिक प्रविष्टि नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का जीवंत दस्तावेज है। इससे जुड़े प्रबुद्धजनों की जिम्मेदारी है कि वे इन शिकायतों को पूरी ईमानदारी, विश्वास और पारदर्शिता के साथ देखकर उनके समाधान में सक्रिय योगदान दें। चूंकि ये प्रबुद्धजन सीधे मुख्यमंत्री से जुड़े हैं, इसलिए जनता के प्रति उनकी जवाबदेही और भी अधिक बढ़ जाती है।मुख्यमंत्री सोमवार को अपने निवास स्थान 'संत कबीर कुटीर' में प्रदेश के सभी जिलों से आए सीएम विंडो से जुड़े प्रबुद्धजनों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री बोले- कांग्रेस पर हर राज्य में भ्रष्टाचार के आरोप

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री ने दिल्ली रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने वाली कांग्रेस को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जमकर कोसा साथ ही कहा कि कांग्रेस तो पूरी तह से मृत पार्टी है। जनता कांग्रेस और इनके नेताओं को पूरी तरह से नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं पर हर राज्य में भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।

### पंचायत मंत्री फोर्टिस में भर्ती, पैर का ऑपरेशन होगा

चंडीगढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ मंत्री को घुटनों में दिक्कत के बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मोहाली फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बायें पैर के घुटने का होगा ऑपरेशन होगा। कृष्ण लाल पंवार को कुछ दिनों से पैर में दिक्कत आ रही थीं। शुगर और बीपी की समस्या के कारण भी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव है। डॉ. हरसिमरन और डॉ. आकाश की टीम उनका ऑपरेशन करेगी।

### सड़क हादसों पर सांसद सैलजा ने चिंता जताई

चंडीगढ़। घने कोहरे के कारण हुए 16 बड़े सड़क हादसों में 106 वाहनों की टक्कर, पांच लोगों की मौत और 103 घायलों की घटनाओं ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सैलजा ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा किसी भी जिम्मेदार सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जल्द ठोस कदम उठाएगी।

## कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागबानी विकास केन्द्र सुन्दरह में Custom Hiring Centre के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों को किराये पर उपलब्ध कराई जा रही है। किराये पर मशीन प्राप्त करने की प्रक्रिया दिनांक 14 नवम्बर 2025 से प्रारंभ की जा चुकी है। अतः आप सभी को अवगत कराया जाता है कि केन्द्र से किराए पर कृषि उपकरण उक्त दिनांक से लेकर जा सकते है।

कृषि उपकरणों की सूची एवं मूल्य का विवरणः-

| Sr. No. | Machinery/Items | Full day rent (Rs.) (8 hours) | Half day rent (Rs.) (4 hours) |
|---|---|---|---|
| 1. | Power Tiller | 1500/- | 750/- |
| 2. | Rotovator | 1800/- | 900/- |
| 3. | Tractor Mounted Post Hole Digger | 3000/- | 1500/- |
| 4. | Post Hole Digger (Earth Auger) | 800/- | 400/- |
| 5. | Tractor Mounted Spray | 2000/- | 1000/- |
| 6. | Mulch Laying Machine | 1200/- | 600/- |
| 7. | Potato Planter | 8000/- | 4000/- |

**मशीन किराये पर लेने की प्रक्रियाः**

- इच्छुक किसान एकीकृत बागवानी विकास केंद्र, सुन्दरह से 'कृषि मशीन किराये हेतु आवेदन पत्र (Application Form) प्राप्त कर सकते हैं।
- आवेदन पत्र को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ केंद्र में जमा करें।
- आवेदन की स्वीकृति के पश्चात किसान अपनी सुविधा अनुसार उपलब्ध मशीन की बुकिंग करा सकते हैं।
- मशीन की बुकिंग पहले आओ व पहले पाओ (First Come First Serve) के आधार पर की जाएगी।
- मशीन का किराया केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी परिस्थित्ति में नकद (Cash) भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जो भी किसान कृषि उपकरण को किराए पर लेना बाहते है वो दिए गए फोन न0 (9050084871,9828499/93) पर संपर्क कर उक्त उपकरण की बुकिंग करवा सकते है। अधिक जानकारी एवं नियम व शर्तों के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

कृषि उपकरण बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजः-

- आधार कार्ड एवं परिवार पहचान पत्र (फैमिली आई. डी), की प्रति
- मेरी फसल मेरा ब्योरा (MFMB) के रजिस्ट्रेशन की प्रति
- केंद्र से प्राप्त आवेदन पत्र (Application Form) duly भरा हुआ

**हस्ता/-उप-निर्देशक उद्यान एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह**
पीआरडीएच - 1149/11/1003/2026/41164/88/6 दि. 15.12.2025

## विस का शीतकालीन सत्र : प्रश्नकाल के लिए ड्रा निकाले

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा के 18 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के प्रश्नकाल के लिए सोमवार को ड्रा निकाले गए। इस दौरान 3 बैठकों के लिए 24 विधायकों के नामों की पर्चियां निकाली गईं। ड्रा के अनुसार इन विधायकों के 60 प्रश्न कार्यवाही में शामिल होंगे। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की देखरेख में हुए ड्रा की पर्चियां विधान सभा अध्यक्ष और सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने निकाली।

### 81 तारांकित तथा 30 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत



विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि शीतकालीन सत्र के लिए अभी 188 तारांकित और 82 अतारांकित प्रश्नों की सूचनाएं विधान सभा सचिवालय को प्राप्त हुई हैं। अभी तक मिली सूचनाओं के आधार पर 81 तारांकित तथा 30 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए हैं।

## भौतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई -400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश कुमार (कर्जदार), सुनीता रानी (सह-कर्जदार), NHKTL00001264260. | (ऋण दस्तावेज/सम्पत्ति दस्तावेज में वर्णित अनुसार 2C115U148 सम्पत्ति आईडी 2C270UI195 वार्ड नं. 29 सैनी कॉलोनी वाका पट्टी चौधरी खेवट नं. 120/201 मुरब्बा नं. 2/17 तहसील व जिला सम्पत्ति आईडी कैथल-136027, सीमाएं :- उत्तर : गली, दक्षिण : गली, पूर्व : महिन्द्र, पश्चिम : चेतन और अन्य मालिक। / कब्जे की तिथि : 09.12.2025 | 27-08-2021 रु. 44,96,595/- | करनाल |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक : 16 दिसम्बर 2025**
**स्थान : कैथल**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | करनाल जिले में असंध में सफीदों असंध कैथल रोड आरडी 158.300 से 0162.050 (एसएच-11) तक सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण कार्य का विकास + 3 कार्य। | 12.12.2025 22.12.2025 | 45.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | मुंशीवाला माइनर की सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2025 | 17.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | बीआरबी आरडी 140774 जेएलएन फीडर (रोहतक से सोनीपत रोड तक) पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना + 1 कार्य। | 12.12.2025 19.12.2025 | 10.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 4 | वन विभाग भिवानी | पिल्लर और बार्ब्ड वायर फेंसिंग समेत ईंटों की चारदिवारी के निर्माण हेतु निविदा। | 13.12.2025 22.12.2025 | 113.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416251743 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव खेड़ी बत्तर ब्लॉक चरखी दादरी में खेड़ी बत्तर से कलियाना तक सीमेंट कंक्रीट रास्ता का निर्माण। | 12.12.2025 18.12.2025 | 100.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी में आईपीबी सहित रास्ता (अड्डा राह) की पेवमेंट, डीएमएफ। | 12.12.2025 18.12.2025 | 99.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव दुपेडी ब्लॉक असंध जिला करनाल में सालवान-असंध रोड निकट स्कूल से पढ़ाना - दुपेडी रोड तक फिरनी के निर्माण हेतु विस्तृत आकलन + 4 कार्य। | 12.12.2025 03.01.2026 | 252.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन, - गांव रहिडा, नाहरपुर और हथनगांव ब्लॉक पुन्हाना, जिला नूह। | 11.12.2025 22.12.2025 | 279.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन, - गांव ममलिका और गंगवानी ब्लॉक पिंगवान, जिला नूह। | 11.12.2025 22.12.2025 | 134.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन, - गांव गोहाना, उमरा, उमरी ब्लॉक नगीना, जिला नूह। | 11.12.2025 22.12.2025 | 620.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरूग्राम | गांव तिरपाडी ब्लॉक फर्रुखनगर गुरुग्राम में दादा भैया तालाब के एम्बैंकमेंट की सुरक्षा और सौन्दर्यीकरण। | 12.12.2025 22.12.2025 | 43.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम | गांव दमदमा में शिव मंदिर तालाब के स्लोप के साथ-साथ एम्बैंकमेंट की पिचिंग। | 12.12.2025 22.12.2025 | 6.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | मेन ड्रेन नं. 2 के आरडी 86500 पर पुल का निर्माण (सं. सीएमओएफएफ/जे/2024/004595 के तहत जन संवाद में प्राप्त) | बंद होने की तिथि 31.12.2025 | 376.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 14 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अम्बाला | 2026-27 हेतु परिवहन एवं श्रम और ढुलाई कार्य की पुनर्निविदा का आमंत्रण। | 11.12.2025 21.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 8052695954 dfscamb1@gmail.com |
| 15 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पंचकूला | आरएमएस और केएमएस 2026-27 हेतु रायपुर रानी, बावाला और पंचकूला मण्डी परिवहन निविदाएं। | 10.12.2025 18.12.2025 | ईएमडी 11.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722929353 dfscpanchkula2@gmail.com |
| 16 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पंचकूला | आरएमएस और केएमएस 2026-27 हेतु रायपुर रानी, बावाला और पंचकूला मण्डी श्रम एवं ढुलाई निविदाएं। | 10.12.2025 18.12.2025 | ईएमडी 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722929353 dfscpanchkula2@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/320/41195/I/88/6 दि. 15.12.25

## अधिकारी बदले

### 8 आईएएस और 24 एचसीएस अधिकारियों के हुए तबादले

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 8 आईएएस और 24 एचसीएस अधिकारियों के तबादले एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

- **योगेश कुमार** (आईएएस) को नगर निगम करनाल का आयुक्त और जिला नगर आयुक्त, करनाल नियुक्त किया
- **सुमिता ढाका** को पलवल का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी लगााया
- **जयदीप कुमार** को स्वच्छ भारत मिशन का मिशन निदेशक नियुक्त
- **सोनू भट्ट** को गुरुग्राम का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी नियुक्त किया एचएसआईआईडीसी का अतिरिक्त प्रबंध निदेशक और ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट, गुरुग्राम का सीईओ भी बनाया गया है।
- **विवेक आर्य** को कुरुक्षेत्र का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी नियुक्त किया
- **अभिनव सिवाच** को बहादुरगढ़ का उप मंडल अधिकारी (नागरिक) लगाया
- **वत्सल वशिष्ठ** (एचसीएस) अधिकारियों में को मुख्य सचिव का ओएसडी-1 लगाया
- **योगेश कुमार मेहता** को करनाल का अतिरिक्त उपायुक्त नियुक्त किया
- **प्रदीप कुमार-2** को जींद का अतिरिक्त उपायुक्त बनाया
- **डॉ. सुशील कुमार-2** को कैथल का एडीसी नियुक्त किया
- **विराट** को अंबाला के अतिरिक्त उपायुक्त तथा एपीजेड, अंबाला के विशेष अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार दिया
- **तरुण कुमार** पवारिया को महेन्द्रगढ़ का अतिरिक्त उपायुक्त लगाया
- **गौरव कुमार** को राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा में सचिव लगाया
- **भारत भूषण गोगिया** को एमएसएमई विभाग में अतिरिक्त निदेशक लगाया
- **रिचा** को हरियाणा रोडवेज, गुरुग्राम का महाप्रबंधक नियुक्त किया
- **मेजर (सेवानिवृत्त) गायत्री अहलावत** को हरियाणा रोडवेज, गुरुग्राम का महाप्रबंधक लगाया
- **प्रदीप अहलावत-2** को तोशाम का एसडीओ (सिविल) बनाया
- **सुमीत सिहाग** को चकबंदी विभाग में संयुक्त निदेशक तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में उप सचिव नियुक्त किया
- **प्रदीप कुमार-3** को विशेष अधिकारी (स्वच्छता) पानीपत से स्थानांतरित कर करनाल का एसडीओ (सिविल) लगाया
- **अनिल कुमार यादव** को विशेष अधिकारी (स्वच्छता) यमुनानगर से इंद्री का एसडीओ (सिविल) लगाया
- **सुशील कुमार-4** को यमुनानगर जिला परिषद एवं डीआरडीए का सीईओ तथा सहकारी समितियों का ज्वाइंट रजिस्ट्रार नियुक्त किया
- **धीरज चहल** को खनन एवं भू-विज्ञान विभाग में संयुक्त निदेशक लगाया
- **अनिल कुमार दून** को विशेष अधिकारी (स्वच्छता) सोनीपत से पेहोवा का एसडीओ लगाया
- **अंकिता अधिकारी** को श्रम विभाग में संयुक्त श्रम आयुक्त (प्रशासन) का अतिरिक्त प्रभार दिया
- **अप्रतिम सिंह** को सिटी सिटी मजिस्ट्रेट पलवल को हथीन का एसडीओ (सिविल) नियुक्त किया
- **प्रीति रावत** सिटी मजिस्ट्रेट चरखी दादरी, को पलवल का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया
- **सुरेश** को शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़ (नूंह) में संयुक्त निदेशक लगाया
- **डॉ. वैशाली शर्मा व रवि मीणा,** आईएएस तथा **अशोक कुमार व नसीब कुमार,** एचसीएस के नियुक्ति आदेश बाद में जारी किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में युवक और युवती की मौत

**नारनौल।** नेशनल हाईवे नंबर 148-बी नारनौल जयपुर मार्ग पर रविवार देर शाम को हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक और युवती की मौत हो गई। युवक मृतक युवती की सहेली का चचेरा भाई था और उसे छोड़ने जा रहा था। रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद ड्राइवर ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

### पुर्तगाल भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही विदेश में रोजगार दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पनवेल पैलेस कच्चा चौरासी सूरत गुजरात निवासी बुहामिलन को सूरत गुजरात से काबू किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

### पूर्व डीजीपी शत्रुजीत कपूर पद से मुक्त किए गए

# अब नए पुलिस प्रमुख के लिए पैनल का रास्ता साफ

**पुलिस हाउसिंग अध्यक्ष का प्रभार पहले से दी कपूर के पास**

***पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद की कमान कार्यवाहक डीजी के हाथ में दी गई***

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व डीजीपी शत्रुजीत कपूर की डीजीपी पद से मुक्त किए जाने के साथ ही अब प्रदेश के नए डीजीपी के नाम का पैनल भेजे जाने का रास्ता साफ हो गया है। अब प्रदेश सरकार का गृह विभाग जल्द ही नया पैनल बनाकर भेजेगा। लेकिन उस पैनल में भी शत्रुजीत कपूर का नाम शामिल किया जाएगा क्योंकि उनके पास में छह माह से अधिक का वक्त रिटायरमेंट में हैं। यह दीगर बात है कि कपूर दो साल से ज्यादा वक्त बतौर डीजीपी पुलिस की कमान संभाल चुके हैं। यहां पर बता दें कि फिलहाल, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद की कमान कार्यवाहक डीजी के हाथ में दी गई है। ओपी सिंह इस वक्त यह प्रभार संभाले हुए हैं, उनकी इसी माह रिटायरमेंट भी है। सभी की नजरें सरकार और मुख्यमंत्री की तरफ लगी हुई हैं, ओपी सिंह की रिटायरमेंट अथवा उन्हें भी तय समय पर रिटायर कर रीइंप्लायमेंट का तोहफा देने की तैयारी तो नहीं हैं। पूर्व में भी डीजी जेल जैसे पद पर एक रिटायर आईपीएस अफसर आलोक राय को नियुक्त किया गया है। पूर्व में हरियाणा के अंदर इस तरह का फैसला कभी नहीं लिया गया।

#### पूर्व में वापस भेजा गया था पैनल





हरियाणा सरकार की तरफ से नए डीजीपी के नाम के लिए भेजे पैनल को लेकर संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने यह कहकर वापस लौटा दिया था कि हरियाणा में डीजीपी के पद पर पहले से ही शत्रुजीत कपूर तैनात हैं। इस तरह से पैनल भेजने और स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं हैं। वैसे, भी कपूर की नियुक्ति के वक्त टिल रिटायरमेंट तक के आदेश दिए हुए थे। हालांकि दो साल के वक्त के बाद में कई बार दूसरे किसी चेहरे को भी मौका दिया जा सकता है।

#### उठापटक खत्म होती दिख रही

सूची संघ लोक सेवा आयोग को भेज सकती है, क्योंकि 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी कपूर हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन, पंचकूला चेयरमैन का पद संभालते रहेंगे। इंजीनियरिंग स्नातक कपूर को अगस्त 2023 में राज्य पुलिस प्रमुख नियुक्त किया था। इस तरह से चल रही उठापटक खत्म होती दिख रही है। कपूर को बतौर डीजीपी ज्वाइन कराने के हालात में एक बार फिर से दलित समाज सड़कों पर आने की तैयारी में था।कपूर पहले पावर डिपार्टमेंट के सीएमडी रह चुके हैं। चर्चा यह भी चल रही है कि आने वाले दिनों में उन्हें ऊर्जा विभाग में अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने की तैयारी भी है। वैसे, कपूर केंद्रीय पैनल में डेपुटेशन के लिए भी पात्र हैं, उनका यह विकल्प भी खुला है।

#### ये नाम भेजे गए थे

सरकार ने आयोग को जो पैनल भेजा था, उसमें भी 1990 बैच के आईपीएस शत्रुजीत कपूर का नाम था। उनके अलावा 1991 बैच के एसके जैन, 1992 बैच के अजय सिंगल, 1993 बैच के आलोक मित्तल और अर्शिंदर चावला का नाम शामिल था। प्रस्ताव में प्रदेश सरकार ने प्रदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों का पैनल तैयार करने का अनुरोध किया था।

#### यूपीएससी ने प्रकाश सिंह केस का हवाला देकर वापस लौटाया था

आयोग की ओर से आपत्ति जताई गई थी कि सरकार को खाली पद की पूर्व-अनुमानित स्थिति में प्रस्ताव भेजना चाहिए था और डीजीपी पद खाली नहीं है। यूपीएससी ने हरियाणा सरकार को भेजे पत्र में सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह केस का भी हवाला दिया। इसके अनुसार डीजीपी शत्रुजीत कपूर क्योकि अवकाश पर चल रहे हैं और कभी भी ज्वाइन कर सकते हैं। उनको 16 अगस्त 2023 को कम से डीजीपी नियुक्त किया था। कपूर का अवकाश 14 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। राज्य सरकार चाहे तो उन्हें ट्रांसफर कर सकती है। सरकार ने अब डीजीपी पद से मुक्त कर उन्हें पूरी तरह से पुलिस हाउसिंग में बतौर चेयरमैन भेज दिया है। यहां पर बता दें कि बीती रात ही सरकार ने शत्रुजीत कपूर को डीजीपी पद से कार्यमुक्त कर दिया है। भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या को लेकर हुए विवाद के बीच छुट्टी पर भेजे जाने के दो महीने बाद ये कार्रवाई की गई है। शत्रुजीत कपूर को पद से कार्यमुक्त करते हुए पुलिस हाउसिंग में भेज दिया है। हालांकि पहले भी उनके पास ही पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन का कार्यभार था। लेकिन अतिरिक्त और डीजीपी पद पर भी थे। कपूर को डीजीपी पद से कार्यमुक्त करने के साथ ही ओपी सिंह को हरियाणा का कार्यवाहक पुलिस प्रमुख नियुक्त किया गया है।

---

### स्वास्थ्य मंत्री ने ऑल इंडिया मीडिया मीट को संबोधित किया

# आजादी के आंदोलन में मीडिया की रही अहम भूमिकाः आरती राव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

**मीडिया को समाज का चौथा स्तंभ बताया**



हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि आजादी के आंदोलन में भी मीडिया की अहम भूमिका रही है। आज सूचना के अनेक माध्यम हैं, लेकिन फिर भी लोगों का प्रिंट मीडिया पर विश्वास है, यह विश्वास ही प्रिंट मीडिया की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को चंडीगढ़ में द कन्फेडरशन ऑफ़ न्यूज़पेपर एंड न्यूज़ एजेंसी एम्पलॉयज ऑर्गेनाइजेशन की ऑल इंडिया मीडिया मीट में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने मीडिया को समाज का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में प्रिंट मीडिया ने सत्ता से प्रश्न पूछने का साहस किया और जनता की आवाज़ बनकर खड़ा हुआ। यही कारण है कि प्रिंट मीडिया का महत्व केवल खबरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने समाज को सोचने, समझने और सही-गलत में फर्क करने की दृष्टि भी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रिंट मीडिया का महत्व बताते हुए कहा कि जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का विस्तार हुआ, विशेषकर टेलीविजन के माध्यम से खबरें घर-घर तक पहुंचने लगीं, तब यह माना जाने लगा कि अब प्रिंट मीडिया का प्रभाव कम हो जाएगा। लोगों को लगा कि तेज़ गति, दृश्य प्रभाव और लाइव रिपोर्टिंग के कारण टीवी समाचार पत्रों की जगह ले लेगा। उस समय कई विशेषज्ञों ने यह भी भविष्यवाणी की कि आने वाले वर्षों में अख़बार इतिहास बन जाएंगे।

# गुरुग्रामः पुलिस ने कसा टिल्लू गैंग पर शिकंजा, संपत्ति को किया ध्वस्त

**टिल्लू ने बादशाहपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर कमरे बनाए हुए था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अपराधियों पर नकेल कसने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। गुरुग्राम पुलिस ने गैंगस्टर नरेंद्र उर्फ टिल्लू और उसके भाई रवि द्वारा नगर निगम की जमीन पर किए गए कब्जे को सोमवार जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। टिल्लू ने बादशाहपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर यहां कमरे बनाए हुए थे और इनसे किराए की वसूली करता था। पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप के मुताबिक, नरेंद्र उर्फ टिल्लू बादशाहपुर का निवासी है। उसने व उसके भाई रवि ने नगर निगम की जमीन पर कब्जा किया हुआ था। इस संपत्ति का उपयोग वह कमर्शियल रूप में कर रहा था। इस जमीन पर उसने करीब पांच साल पहले कब्जा किया था। जिसको गिराने के लिए बादशाहपुर थाना पुलिस और नगर निगम की टीम पहुंची। टीम ने यहां जेसीबी की मदद से कब्जा हटा दिया। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया था। जिला प्रशासन एवं गुरुग्राम पुलिस ने यह स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, संगठित अपराध अथवा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इस प्रकार के अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाती रहेगी।

---

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन जारी

# 797 ठिकानों पर दबिश, 68 पर एफआईआर दर्ज, 127 गिरफ्तार

***अभियान के दौरान विभिन्न जिलों से 2,06,895 रुपये नकद बरामद किए***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ राज्यव्यापी मुहिम को और धार देते हुए 14 दिसंबर को 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' का एक और सघन चरण चलाया। इस विशेष कार्रवाई में राज्यभर में कुल 797 चिन्हित ठिकानों पर दबिश दी गई, 68 एफआईआर दर्ज की गईं और 127 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक दिवसीय इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने नशा, अवैध शराब तस्करी और जुए जैसी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ 58 मामले दर्ज किए, जबकि अवैध हथियार रखने के 10 मामले अलग से बनाए गए। कुल मिलाकर 90 आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा हिंसक अपराधों में लिप्त 28 कुख्यात अपराधी भी पुलिस के हत्थे चढ़े। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 अन्य अपराधियों को भी पृष्ठभूमि जांच के आधार पर गिरफ्तार किया। यह हरियाणा पुलिस की सक्रिय और परिणामोन्मुख कार्यशैली को दर्शाता है। पुलिस ने विभिन्न जिलों से कुल 2,06,895 नकद बरामद किए। साथ ही, अपराधियों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे 1 ट्रक, 1 कार, 1 स्कूटी और 6 मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। नशामुक्त हरियाणा के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए।

### पीएम के खिलाफ घटिया शब्दों के प्रयोग पर राहुल गांधी और सोनिया माफी मांगें: बड़ौली

# सवाल पूछकर भाग जाना कांग्रेस की फितरत

***झूठा नेरेटिव खड़ा करना देश को गुमराह करना राहुल गांधी की सोच बन चुकी***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि कांग्रेस की रैली में जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए घटिया शब्दों का प्रयोग कांग्रेसी नेताओं ने किया उससे कांग्रेस की घटिया मानसिक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बड़ौली ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस के मां-बेटों को देश से माफी मांगनी चाहिए। चंडीगढ़ में एक बैठक के बाद पत्रकारों ने जब बड़ौली से कांग्रेस की दिल्ली रैली के विषय पर सवाल किया तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने के लिए प्रदर्शन और रैलियां कर रही है, लेकिन मतदाता सूची में सुधार होना चाहिए, इसके लिए एसआईआर अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बड़ौली ने कहा कि सवाल पूछकर भाग जाना कांग्रेस की आदत बन गई है। लोकसभा में 10 दिसंबर को जब देश के गृहमंत्री अमित शाह सवालों के जवाब दे रहे थे तो कांग्रेस को सच हजम नहीं हुआ और वे लोकसभा से वॉकआउट कर गए। बड़ौली ने कहा कि झूठा नेरेटिव खड़ा करना, देश को गुमराह करना राहुल गांधी की सोच बन चुकी है। दिल्ली रैली में प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर जो नारे लगे उसे पूरे देश ने देखा है।

#### इंडी गठबंधन के नेता एसआईआर से घबराए

बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस घटिया स्तर की राजनीति पर उतर आई है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेता एसआईआर और मतदाता सूची के शुद्धिकरण से घबराए हुए हैं। अब घुसपैठियों को बचाने के लिए विपक्षी दल षड़यंत्र कर रहे हैं। संसद में शाह ने साफ कर दिया है कि एक भी घुसपैठिया को मतदान का अधिकार नहीं देने देंगे। बड़ौली ने कहा कि एसआईआर पर कांग्रेस देश को गुमराह करने का काम कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ससंद में चर्चा के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस का भाग खड़े होना यही बताता है कि कांग्रेस नेताओं के मन में चोर है।

---

### हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी को मिला यंग इन्वेस्टिगेटर अवॉर्ड



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के फॉर्मास्यूटिकल विज्ञान विभाग के पीएचडी शोधार्थी देविदास लहमगे को प्रतिष्ठित छठी राष्ट्रीय जैव-चिकित्सा अनुसंधान प्रतियोगिता-2025 यंग इन्वेस्टिगेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता एम्स जोधपुर द्वारा आयोजित की गई। देविदास लहमगे यह शोध कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विपन परिहार के मार्गदर्शन में कर रहे हैं। इसी प्रतियोगिता में फॉर्मास्यूटिकल विज्ञान विभाग के एम फार्मा के दो विद्यार्थियों आशु सिंह एवं शशिकांत गर्ग को उनके उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुतीकरण के लिए पुरस्कृत किया गया।

### जींद में व्यापारी से 50 लाख की चौथ मांगने का मामला

# बदमाशों को पकड़ने के लिए पांच टीमें गठित, सुरक्षा में पुलिसकर्मी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद/नरवाना

नरवाना के अपोलो चौक पर जैन रेडिमेड की दुकान के मालिक नरेश जैन को पर्ची थमा फायरिंग कर 50 लाख रुपये की चौथ के मामले में पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस ने नरेश जैन के घर के बाहर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। घटना के बाद से पूरी मार्केट में भय का माहौल है। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस की पांच टीमें आरोपित बदमाश की धरपकड़ के लिए उसके संबंधित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। सोमवार को कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला व्यापारी नरेश जैन से मिलने उनके आवास पर पहुंचे।



**जींद।** सुरक्षा में पुलिस कर्मी तैनात।

#### बदमाशों को जल्द पकड़ लिया जाएगा

बदमाशों की धड़पकड़ के लिए शहर थाना नरवाना, सीआईए नरवाना, सीआईए 1 जींद, हिसार एसटीएफ सहित पांच टीमें गठित की गई हैं। हिसार एसटीएफ की टीम इसलिए भी शामिल की गई है। क्योंकि हिसार में भी बदमाश अनूप बेलरखां द्वारा वारदात की गई थी। उन्होंने कहा कि कारोबारी नरेश जैन को सुरक्षा मुहैया करवा दी गई है। पुलिस द्वारा भी गश्त की जा रही है। अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, पुलिस की नजर से बच नहीं सकता।

-**कमलदीप राणा**, डीएसपी

### भारत को विश्व में आर्थिक तौर पर नंबर वन बनाने के लिए स्किल इंडिया पर करना होगा कामः सुधांशु त्रिवेदी



**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत को विश्व में आर्थिक तौर पर मजबूत करना है तो स्किल इंडिया पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यूपीएससी के एग्जाम के लिए करीब 15 लाख लोग आवेदन करते है, जिसमें से केवल 150 लोग ही चयनित होते है। उन्होंने कहा कि सालों की मेहनत ओर कई जगह से कर्ज लेने के बाद भी जो कामयाबी का प्रतिशत .01 प्रतिशत है। जबकि अगर वह अपना रोजगार करते है तो उसमें कामयाबी का 50 प्रतिशत ज्यादा है, फिर भी लोग सरकारी नौकरी की तरफ ज्यादा झुकाव रखते है।

---

# नूंह में तेंदुआ दिखने से लोगों में डर गांव का एक पालतू कुत्ता गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

नूंह जिले के तावडू खंड के अंतर्गत आने वाले गांव डिंगरहेड़ी में तेंदुआ दिखने से दहशत फैल गई। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक ये जानवर लोगों के घरों के आंगन में देखा गया है। गांव के सरपंच ने कहा कि रात के समय गांव में यह तेंदुआ दिखाई दिया है। मकान में लगे सीसीटीवी में तेंदुए की हरकत कैद हो गई। जिसके बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। सरपंच ने बताया कि मुकुट पंडित के मकान से उनका एक पालतू कुत्ता भी गायब है। सरपंच सुनील कुमार ने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे मुकुट पंडित के मकान के सीसीटीवी में



पहले एक जानवर की परछाई नजर आई। डरकर उन्होंने फुटेज की दोबारा जांच की तो 16 सेकेंड के वीडियो में एक संदिग्ध तेंदुआ नजर आया। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। लेकिन उस समय कुछ भी नहीं मिला। गांव की पुष्पा ने बताया कि सोमवार की सुबह उनकी गाय के पास फिर उसी जानवर को देखा। सूचना वन्यजीव विभाग को दी गई। वन्य विभाग की टीम और मोहम्मदपुर अहीर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

#### ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

विभाग के कर्मचारी मुबीन ने बताया जानवर के पगमार्कों की तलाश शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वन्य जीव विभाग के अधिकारियों का कहना है कि श्फुटेज में तेंदुआ जैसा जानवर नजर आ रहा है। लेकिन उसके पैरों के निशान अभी साफ नहीं हो पाए हैं। इसलिए तेंदुए के होने की पुष्टि करना मुश्किल है।

### डबवालीः साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश मध्य प्रदेश से पांच ठग गिरफ्तार



**डबवाली।** पुलिस ने साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मध्यप्रदेश क्षेत्र से गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सिरसा जिले के गांव खुइया मलकाना निवासी सोनू राम पुत्र दलबीर सिंह से करीब साढ़े दस लाख रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। डबवाली साइबर क्राइम शाखा प्रभारी बलजीत सिंह ने सोमवार को बताया कि आरोपियों की पहचान दीपक, अजय, मोहम्मद, आसिफ खान व संजय नामदेव निवासी जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। शाखा प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि सोनू राम ने पुलिस को शिकायत दी कि उसे टेलीग्राफ ऐप पर पार्ट टाइम जॉब करने और टास्क पूरा करने का संदेश मिला। उसने आरोपियों द्वारा भेजे गए लिंक पर अपना अकाउंट बना दिया। शुरूआत में साइबर ठगों द्वारा उसे टास्क पूरे करने को कहा जो उसने पूरे कर दिए। साइबर ठग ने कहा कि बैंक खाता लिंक करने से भुगतान सीधे खाते में आएगा।

# डकैती डालने वाले को 10 साल कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैथल मोहित अग्रवाल की अदालत ने वर्ष 2022 दौरान अजय मार्किट कैथल स्थित एक घर में डकैती की वारदात को अंजाम देने के मामले में दोषी द्वारा सोमवार को 10 साल कैद तथा 25 हजार रुपए जुर्माने का सजायाब किया गया है। डीएसपी बीरभान ने बताया कि अजय मार्किट कैथल निवासी संजय की शिकायत अनुसार उसके घर में 20 साल से रुप सिंह निवासी नेपाल घरेलु नौकर के रुप में काम करता है। करीब 10 दिन पहले ही रुप सिंह के साथ साथ प्रवीण निवासी नेपाल को नया नौकर रखा था। 18 फरवरी 2022 को वह व उसका परिवार अपने नौकरों को घर पर छोड़ कर शादी समारोह में शामिल होने के लिए चंडीगढ गए थे। 19 फरवरी की सुबह जब वह वापिस घर आया तो उसने देखा कि उसके घर से सोना चांदी के जेवरात व नगदी चोरी हो चुकी थी और उसका नौकर रुप सिंह मारपीट की वजह से घायल बेहोश होकर बेसुध पड़ा था तथा उसके कुत्तो को भी कुछ खिला कर बेहोश कर दिया था। जो शिकायतकर्ता के घर से नौकर प्रवीण निवासी नेपाल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर उसके नौकर को घायल करके जेवरात नगदी चोरी लूट की वारदात को अंजाम दिया।

## भाजपा सांसद ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, पर माफी भी मांगी थी

# कब्र... वाली बात पर भड़के नड्डा-रिजिजू, बोले- सोनिया गांधी-खरगे समेत पूरी कांग्रेस पीएम मोदी से मांगे माफी




### रामलीला मैदान में लगे थे आपत्तिजनक नारे ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित अपमान वाले नारे को लेकर राजनीति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के कथित अपमान के इस मामले में पूरा सत्तापक्ष आक्रामक दिखा। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी सत्ता पक्ष के सांसदों ने पीएम मोदी के कथित अपमान को लेकर जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की। नड्डा ने कांग्रेस पार्टी की रैली में कही गई बातों को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रैली में नारे लगे, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी। नड्डा ने कहा कि ऐसे नारे कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ये नामदारों की झुंझलाहट को भी स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना और मृत्यु की कामना करना बहुत निंदनीय है। नड्डा ने कहा कि इस घटना के लिए नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी की नेता सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री नड्डा के ऐसा कहने पर सदन में दोनों पक्षों की तरफ से जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजनीति का स्तर इतना गिरा दिया है, जो कल्पना से परे है।

> **नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने राजनीति का स्तर गिरा दिया है**


जेपी नड्डा ने उठाया मामला


किरेन रिजिजू ने मांफी मांगने की मांग की

## भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने मांगी थी माफी

किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को याद दिलाया कि जब 2014 में भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने विपक्ष के एक नेता के लिए गलत शब्द इस्तेमाल किया था, इस पर तुरंत पीएम मोदी ने उनसे संसद में माफी मांगने के लिए कहा था और सांसद ने माफी मांगी थी। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में भाषा किस स्तर की हो, यह सभी को समझना चाहिए। भाजपा और एनडीए की तरफ से कभी भी किसी का नाम लेकर माता-पिता या किसी अन्य नेता के लिए 'मौत' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हम एक-दूसरे का कितना भी विरोध करें, फिर भी हम एक-दूसरे का सम्मान करते हुए शुभकामनाएं देते हैं। राजनीतिक लड़ाइयां अलग होती हैं, लोकतंत्र में हर किसी को राजनीति करने का अधिकार है और हम अलग-अलग तरीकों से एक-दूसरे की आलोचना या विरोध करते हैं। लेकिन कोई भी कभी किसी दूसरे व्यक्ति को मारने के बारे में सोचता या बोलता नहीं है। यह किस तरह की मानसिकता है जो खुलेआम किसी विरोधी को मारने के लिए उकसाती है?

**अध्यक्ष को देश से मांगनी चाहिए माफी**

रिजिजू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री को दुनिया और हमारे 1.4 अरब लोगों का देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के तौर पर पहचानता है। यह बहुत दुख की बात है और अफसोसजनक है कि विपक्ष के कुछ सदस्य उनके खिलाफ आपत्तिजनक बात कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने दोहराया कि सिर्फ खंडन करना काफी नहीं है। संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष नेता को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें संसद में देश के लोगों से खुलेआम माफी मांगने में देरी नहीं करनी चाहिए। तभी हम समझेंगे कि गलती हुई थी और कांग्रेस पार्टी ने इसे मान लिया है।

### कांग्रेस की रैली में लगाए गए थे आपत्तिजनक नारे

इस बीच, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारों की आलोचना की है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। किरेन रिजिजू ने सोमवार को संसद सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश की जनता ने सुना कि कांग्रेस पार्टी की रैली में क्या कहा गया। लोकतंत्र में हम सब सहयोगी हैं, दुश्मन नहीं। लेकिन कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में ऐसा घटिया और शर्मनाक स्तर पहले कभी नहीं देखा गया।

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा 'शांति' विधेयक किया पेश

लोकसभा में सोमवार को परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य भारत के कुल ऊर्जा जरूरतों में परमाणु ऊर्जा की भागीदारी बढ़ाना है। यह विधेयक परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को प्रोत्साहित करना और इसके उपयोग को गैर विद्युत क्षेत्र तक बढ़ाने के लिए है। इसका उद्देश्य सुरक्षा, रक्षा उपाय और परमाणु दायित्व के प्रति भारत की प्रतियोगिताओं का निरंतर पालन करना भी है। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने सतत दोहन और भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन एवं अभिवर्धन विधेयक, 2025 या शांति विधेयक (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट का न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) पेश किया। इसका उपयोग बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, शोध, पर्यावरण और नवाचार में किया जाएगा। साथ ही, सुरक्षित उपयोग हेतु सशक्त नियामक ढांचा और जनकल्याण सुनिश्चित किया जाएगा।



**PUBLIC NOTICE**

Adv A.K Wankhede, Dhule

**Before The Motor Accidents Claims Tribunal, At Dhule**
**M.A.C.P.NO 675/2023**

Ashish Ravindra Desale -Petitioner
Age 36 Occu-Nill. R/O. Plot No 135, Ramkrushna Nagar, Deopur, Dhule Tal & Dist. Dhule (Maharashtra)

V/s

2) Ravindra Kumar Rajesh Sing
Age-Adult, Occu-Owner -Respondent
R/o. Dhamar Tal & Dist.Rohatak (Hariyana)

Whereas the application has been made by the applicants claiming compensation For Rs. 10,00,000/- u/s 166 of M.V.ACT 1988 in respect of an accident of the same specified in sec 166 of the Act against opponent No.1 to 3, including you No 2 the Owner of offending vehicle. You deliberately time to time avoid service of the Notice intentionally.Therefore you are informed by this legal public Notice that you opp.no.2 yourself or trough advocate without fail shall Remain present before Motor Accidents Claims Tribunal, Dhule Dist Dhule (Maharashtra) in the Court of Honble Adhoc D.J. 4 on 20/01/2026 at about 10:30 am. If you fail on to appear on this date, the tribunal will proceed expartee against you. on the presumption that you have no any contention to make against the award of compensation. Given under my hand and seal of the tribunal this Day of 29/11/2025

Jr. Clerk (Stamp) Suprentendant (Judi )
Dist.Court Dhule Motor accident claims Tribunal Dhule, Dist.Dhule (Maha.)

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Sushma, Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda
RAKESH VS. ARVIND
SUIT FOR MALICIUS PROSECUTION ALONG WITH DAMAGES ON ACCOUNT OF MENTAL TRAUMA OF RS.1000000
CNR No. HRSOC0-000336-2025
CS/260/2025
Next Date:- 06-01-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
DEFENDANT NO. 01= ARVIND SON OF SUMER SINGH C/O LALA JI TILES, R/O THANA KALN ROAD, KHARKHODA.
DEFENDANT NO.02= JAI KARAN SON OF ZILE SINGH R/O ROHTAK BYPASS ROAD, ZILE FARM HOUSE, KHARKHODA.
DEFENDANT NO.3=KRISHAN SON OF ZILE SINGH R/O ROHTAK BYPASS ROAD, ZILE FARM HOUSE, KHARKHODA.
DEFENDANT NO.04=JAI KAWAR SON OF MEER SINGH R/O SAMPLA ROAD, KHARKHODA, NEAR JEWANI HOSPITAL, AND J.K. PYWOOD
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 06-01-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda
Dated, this day of 11-12-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Sushma Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda
PAWAN KUMAR VS. TARAWATI ETC.
SUIT FOR POSSESSION BY WAY OF SPECIFIC PERFORMANCE AND DELIVERY OF POSSESSION WITH RELIEF OF PERMANENT INJUNCTION.
CNR No. HRSOC0-000187-2024
CS/137/2024
Next Date:-12-01-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
DEFENDANT NO.1(ii)= CHANCHAL KAUSHIK D/O TARAWAT D/O GANGA BISHAN SON OF HAR SAWROOP AND WIFE OF PARVEEN KAUSHIK R/O VILLAGE AURANGABAD, SUB TEHSIL RAI DISTT. SONEPAT
DEFENDANT NO.1(iii) DEEPAKA VATS D/O TARAWATI D/O GANGA BISHAN S/O HAR SAWROOP AND WIFE OF ASHWANI KUMAR SHARMA R/O H.NO. 134, GALI NO. 09, RAJ NAGAR-02, PALAM COLONY, SOUTH-WEST DELHI, DELHI-110077.
In above titled case, the defendant(s) respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 12-01-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice & district-Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda
Dated, this day of 11-12-2025

### दिल्ली की जहरीली हवा पर सीजेआई ने सख्त लहजे में कहा भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से संबंधित हैं

# अमीर प्रदूषण फैलाते हैं और गरीब मार झेलते हैं, कल सख्त निर्देश देने के दिए संकेत



**बच्चों में मृत्यु दर में लगभग 100% तक की वृद्धि दर्ज की गई है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। बढ़ती ठंड के साथ दिल्ली में प्रदूषण ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। राजधानी के ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के करीब पहुंच गया है। दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर अब कनाडा, सिंगापुर और यूके सरीखे कई देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से बुरा हाल हो गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर कल यानी 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पामचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर किया। इस सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ निर्देश जबरन लागू किए जा सकते हैं, लेकिन शहरी महानगरों में लोग गंभीर प्रदूषण के बावजूद अपनी लाइफस्टाइल नहीं बदलना चाहते हैं। इस दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत कोई निर्देश नहीं देती, अधिकारी पहले से मौजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा, यह मामला बुधवार को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष आएगा और इस पर सुनवाई होगी।चीफ जस्टिस ने कहा, हम समस्या को जानते हैं और हम ऐसे आदेश पारित करेंगे जिनका पालन किया जा सके। कुछ निर्देश ऐसे हैं जिन्हें बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। महानगरों में लोगों की अपनी लाइफस्टाइल होती है और वो गंभीर वायु प्रदूषण के बावजूद उसमें बदलाव नहीं लाना चाहते। लेकिन गरीबों का क्या होगा। इस पर एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि गरीब मजदूर सबसे अधिक पीड़ित हैं। इससे पहले पीठ ने कहा था इस समस्या के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए महीने में दो बार मामले की सुनवाई की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे से जुड़े एक आवेदन का हवाला देते हुए कोर्ट से कहा गया कि पहले के आदेशों के बावजूद स्कूल बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।



### 10 शहरों में हर साल 34 हजार लोग प्रदूषण से मरते हैं

मनरेगा के अलावा कांग्रेस ने सरकार को प्रदूषण के मुद्दे पर भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, 9 दिसंबर, 2025 को मोदी सरकार ने राज्यसभा में घोषणा की थी कि देश में ऐसा कोई निर्णायक डाटा उपलब्ध नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि मृत्यु/बीमारी का सीधा संबंध वायु प्रदूषण से है। कांग्रेस महासचिव के मुताबिक सरकार ने दूसरी बार चौंकाने वाली असंवेदनशीलता दिखाई है। इससे पहले 29 जुलाई 2024 को भी राज्यसभा में यही दावा किया था। उन्होंने आंकड़ों का उल्लेख करते हुए सरकार को घेरा और कहा, लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से संबंधित हैं। केवल 10 शहरों में प्रति वर्ष लगभग 34,000 मौतें हो रही हैं। अगस्त 2024 में मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज ने सरकारी आंकड़ों का अध्ययन कर बताया था कि देश के जिन जिलों में वायु प्रदूषण राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएओएस) से अधिक है, वहां वयस्कों की समय से पहले मौत हो रही है।

### दिल्ली हाईकोर्ट हुआ हाइब्रिड! : वायु प्रदूषण के बीच घर बैठे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में होने के कारण दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को बार के सदस्यों और खुद पेश होने वाली पार्टियों को सलाह दी कि जहां भी सुविधाजनक हो, उनके सामने लिस्टेड मामलों में हाइब्रिड तरीके से पेश हों।रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है, मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि यदि सुविधाजनक हो, तो बार के सदस्य/खुद पेश होने वाली पार्टियां अदालतों के सामने लिस्टेड अपने मामलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से हाइब्रिड तरीके से पेश हो सकते हैं। यह सलाह ऐसे समय आई है जब दिल्ली की हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' कैटेगरी में बनी रही। सुबह-सुबह ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 457 तक पहुंच गया और कई इलाकों में 500 के निशान के करीब रिकॉर्ज किया गया। लोग सोमवार को घने कोहरे और कम विजिबिलिटी केबीच अपने दफ्तर जाते दिखे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | पुनः आमंत्रण :- नगर पालिका महम क्षेत्र में कुत्तों को पकड़ना और पकड़े गये कुत्तों की नसबंदी करना और टीकाकरण। | 12.12.2025 18.12.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका महम | शिवाला कुआं में शौचालय स्नानगृह, कमरे का निर्माण और अन्य विकास कार्य + 2 कार्य। | 12.12.2025 17.12.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41172/I/88/6 दि. 15.12.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | NITNO.23/ 2025-26/PJR | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन, बरवाला (पंचकूला) के उपयोग हेतु 1 अदद वाहन (महिन्द्रा बेलेरो) को किराये पर लेना, निविदा जमा 24.12.2025 (बुधवार) को अप. 3.00 बजे तक, निविदा खुलेंगी 24.12.2025 (बुधवार) को अप. 3.30 बजे। | www.uhbvn.org.in | 9888021007 xenoppinjore@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | NITNO.24/ 2025-26/PJR | 33 केवी सब स्टेशन मोरनी हिल्स में एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन, रायपुर रानी (पंचकूला)के उपयोग हेतु 1 अदद वाहन (महिन्द्रा पिकअप) को किराये पर लेना, निविदा जमा 24.12.2025 (बुधवार) को अप. 3.00 बजे तक, निविदा खुलेंगी 24.12.2025 (बुधवार) को अप. 3.30 बजे। | www.uhbvn.org.in | 9888021007 xenoppinjore@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41181/I/88/6 दि. 15.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/डी.एल.एड. परीक्षा वर्ष 2026 हेतु उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण और आपूर्ति (भिवानी)। | 15.12.2025 22.12.2025 | रु. 2,00,00,000/- | www.bseh.org.in | 9050911877 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41188/I/88/6 दि. 15.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर क्षेत्र में कुत्तों को पकड़ना और पकड़े गये आवारा कुत्तों की नसबंदी करना तथा टीकाकरण। 3 माह हेतु एमसी कलानौर में नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से एकत्रीकरण, एम.सी. कलानौर से प्रसंस्करण स्थल/डम्प साइट तक परिवहन के लिए मैन पावर और वाहनों को किराये पर लेना। | 13.12.2025 18.12.2025 | रु. 19.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992421221 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/41171/I/88/6 दि. 15.12.25

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

### रुपये में कमजोरी से सेंसेक्स 54 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 54 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 20 अंक के नुकसान में रहा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.34 अंक गिरकर 84,840.32 तक आ गया था। निफ्टी 19.65 अंक की गिरावट के साथ 26,027.30 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 4,000 रुपये उछलकर 1.37 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 4,000 रुपये बढ़कर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह कहा। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में सोना के 4,350 अमेरिकी डॉलर के स्तर की ओर बढ़ने के साथ ही घरेलू बाजार में तेज उछाल देखने को मिला। वहीं, चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। इस साल अब तक चांदी की कीमतों में 1,09,800 रुपये यानी 122.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **जितेंद्र पुत्रः** राजपाल **पताः** गांव बिसमपुरा जिला जिंद हरियाणा, ने **FIR No. 503/14 U/s 406/34 IPC थानाः एसबी डेयरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेंद्र,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेंद्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 503/14 U/s 406/34 IPC थानाः एसबी डेयरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जितेंद्र,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
**DP/16819/ON/2025** जेएमएफसी-06, कमरा नंबर 114 पहली मंजिल
**(Court Matter)** रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

### शब्द पहेली - 6079




**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6078 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |



# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री



मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## चिंतन

# ग्रामीण विकास के लिए 'जी राम जी' की तैयारी

कई क्षेत्रों, योजनाओं, पीएम नरेंद्र मोदी आवास और राजभवनों के नाम बदलने वाली केंद्र सरकार अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) योजना का नाम बदलने जा रही है। अब इसका नाम पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना (विकसित भारत-जी राम जी) हो सकता है। मनरेगा को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में जल्द विधेयक लाया जा सकता है। इस नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांट दी गई हैं। इस कदम के पीछे मानना है कि सरकार इसे सिर्फ एक रोजगार गारंटी योजना न मानकर ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण, विकास और एक समृद्ध भविष्य (विकसित भारत 2047) की दिशा में बड़े मिशन के रूप में देख रही है, जिसका मकसद सिर्फ 100 दिन का काम देना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले हर ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्तवर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। सरकार का कहना है कि मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं 'जी राम जी' में समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर जोर देना है, खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता को आसान बनाना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या कार्य पूरा होने के 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया गया तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी किया गया है। कार्यों को चार प्रमुख क्षेत्रों, जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ी अवसंरचना और आपदा-रोधी ढांचे में विभाजित किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग, डिजिटल एमआईएस डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासे और सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया है। शिकायत निवारण के लिए बहु-स्तरीय व्यवस्था और जिला स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति का भी प्रावधान है। योजना पर अनुमानित वार्षिक व्यय 1.51 लाख करोड़ बताया गया है, जिसमें केंद्र का हिस्सा लगभग 95,692 करोड़ रुपये होगा। बढ़े हुए रोजगार और परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण आय बढ़ेगी, पलायन घटेगा और महिलाएं भी कार्यबल में शामिल होंगी, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और श्रमिकों की आय पर सकारात्मक असर पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है। संक्षेप में कहें तो यह बदलाव मनरेगा को एक सतत ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण के मिशन में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए है, लेकिन नाम बदलना सिर्फ प्रतीकात्मक है, असली बदलाव क्रियान्वयन और पारदर्शिता में ही होगा। ग्रामीण विकास के बाद ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।



न्यायपालिका
मनोज कुमार अग्रवाल

# सेकुलर सियासत का महाभियोग!

**इन दिनों मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार राजनीति में हलचल मची हुई है। उन्हें एक न्यायाधीश का एक दीप जलाने की इजाजत देने वाला फैसला जहर लग रहा है। दरअसल, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने पिछले हफ्ते कहा था कि, तमिलनाडु में 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर शुरू किया जाए। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है।**

क्या न्यायपालिका को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए सनातन धर्म और हिन्दू समाज के खिलाफ फैसला देना जरूरी है? क्या इस देश में बहुसंख्यक आस्था के पक्ष में कोई न्यायिक निर्णय देना तथाकथित सेकुलर सियासतदानों की नजर में अपराध है? इन दिनों मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार राजनीति में हलचल मची हुई है। ये वही सियासतदान हैं, जो अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासती आंच पर रोटी सकते रहे, उन्हें एक न्यायाधीश का एक दीप जलाने की इजाजत देने वाला फैसला जहर लग रहा है। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव में कांग्रेस, डीएमके आप, सपा, सीपीआई, सीपीएम, और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सहित कई प्रमुख दलों के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। नियम के अनुसार, किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है, इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर दस्तखत किए हैं।

बता दें कि इस पूरे राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन का एक फैसला है। पिछले हफ्ते, उन्होंने तमिलनाडु के तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित 6वीं शताब्दी के सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के प्रशासन को एक निर्देश दिया। यह निर्देश था कि 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर शुरू किया जाए। जब राज्य सरकार ने विरोध किया और मंदिर प्रबंधन ने पालन नहीं किया तो जज ने अवमानना का आदेश भी जारी किया। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने अपने आदेशों का पालन न करने पर तमिलनाडु के मुख्य सचिव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को 17 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए भी तलब किया है। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, मैं यहां हाथ उठाकर असहाय होकर यह कहने के लिए नहीं हूं कि, 'हे पिता, उन्हें माफ कर दो, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।' यह जानबूझकर उल्लंघन है। उन्होंने केओसुबल की रिपोर्ट का संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया था कि मदुरै पुलिस आयुक्त ने 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अदालत के आदेश का पालन करने से केओसुबल टुकड़ी को रोका था। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्टों के 56 पूर्व न्यायाधीशों ने विपक्षी सांसदों द्वारा मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग की पहल को लेकर आपत्ति व्यक्त की है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह कदम उन न्यायाधीशों को दबाव में लाने का प्रयास है जो राजनीतिक या वैचारिक उम्मीदों के अनुरूप फैसले नहीं देते। 12 दिसंबर को जारी संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की बुनियाद को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभियोग का इस्तेमाल न्यायिक आचरण की रक्षा के लिए होता है, न कि राजनीतिक हथियार की तरह।



महाभियोग प्रस्ताव के खिलाफ 50 से अधिक पूर्व न्यायाधीशों ने पत्र जारी कर इस कदम की निंदा की। उन्होंने इस कदम को जजों को डराने-धमकाने की खुली कोशिश बताया। पत्र में पूर्व जजों ने इस कोशिश को न्यायपालिका को कमजोर करने वाली लंबी और चिंताजनक राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने आपातकाल के बाद तीन वरिष्ठ जजों की सुपरसिडिंग, जस्टिस एचआर खन्ना की उपेक्षा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, एसए बोबडे, डीवाई चंद्रचूड़ और अब सीजेआई सूर्याकांत के खिलाफ चलाए गए राजनीतिक अभियान का उल्लेख किया।

पूर्व न्यायाधीशों ने चेतावनी दी कि महाभियोग जैसे संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल आर्म-ट्विस्टिंग और बदले की राजनीति के हथियार के रूप में नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, "आज निशाना एक जज है, कल पूरा संस्थान निशाने पर होगा।" पूर्व जजों ने सांसदों, बार काउंसिल, सिविल सोसाइटी और नागरिकों से अपील की है कि इस कदम को शुरुआत में ही रोक दिया जाए, क्योंकि जज संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं, न कि राजनीतिक समूहों की पसंद-नापसंद के प्रति कोई जबाबदेही। बता दें कि तिरुप्परंकुंद्रम हिल पर दीपथून स्तंभ सिकंदर बादुशाह दरगाह के पास है और लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है। याचिकाकर्ताओं की मांग पर जज ने 4 दिसंबर शाम 6 बजे तक दीप जलाने का निर्देश दिया। उन्होंने दलील दी कि यह कदम मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता, लेकिन दीप न जलाने से पहाड़ी पर मंदिर के अधिकार कमजोर हो सकते हैं, क्योंकि वहां कथित अतिक्रमण की शिकायतें उठती रही हैं।

हालांकि तमिलनाडू सरकार ने यह कहते हुए कि इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, आदेश लागू करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस और हिंदू संगठनों के बीच झड़पें हुईं। डीएमके ने आरोप लगाया कि जज ने 2017 की डिवीजन बेंच के आदेश को उलट दिया है और उनका निर्देश चुनाव से ठीक पहले सांप्रदायिक तनाव भड़का सकता है। पार्टी नेता टीआर बालू ने लोकसभा में मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि भाजपा राज्य में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है। वहीं तमिलनाडू बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन ने कहा कि डीएमके न्यायिक फैसले तभी स्वीकार करती है जब वे उसके हित में हों। भाजपा नेता ने कहा कि जस्टिस स्वामीनाथन ने कोई अपराध नहीं किया और मंदिर व पुलिस प्रशासन की विफलता के कारण ही उन्हें आदेश देना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के महाभियोग प्रयास गलत परंपरा कायम करेंगे और संस्थानों के बीच टकराव को जन्म दे सकते हैं।

आपको पता रहे यह मुद्दा सिर्फ अदालत तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पिछले हफ्ते लोकसभा में भी बवाल मच गया था। डीएमके सदस्यों ने सदन में विरोध प्रदर्शन करते हुए बीजेपी पर 'सांप्रदायिक तनाव' भड़काने का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय उपमंत्री एल. मुरुगन ने डीएमके पर 'एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने' का पलटवार किया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने सदन में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के 'एक विशेष विचारधारा' के प्रति निष्ठा रखने की आलोचना की, जिस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायपालिका पर आक्षेप न लगाने की चेतावनी दी थी। अब स्पीकर ओम बिरला के सामने इन आरोपों की जांच और प्रस्ताव पर निर्णय लेने की बड़ी जिम्मेदारी है। देखना है कि इस मामले का पटाक्षेप किस तरह होता है। इतना तय है कि अब इस देश में तुष्टिकरण की सियासत चलने वाली नहीं है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विरासत
योगेंद्र माथुर



# दीपावली विश्व विरासत घोषित होना सनातन मूल्यों का सम्मान

दीपावली को यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया जाना न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में फैले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी गौरव का विषय है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्वभर में मानवता के लिए असाधारण महत्व की मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार सांस्कृतिक विरासत में वे प्रथाएं, ज्ञान, अभिव्यक्तियां, वस्तुएं और स्थान शामिल हैं, जिन्हें समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। इस दृष्टि से दीपावली दुनिया के बड़े वर्ग की आस्था व विश्वास की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। सनातन धर्म परम्परा में दीपावली पर्व मनाए जाने के अनेक प्रसंग हैं, लेकिन मूलतः दो प्रसंग महत्वपूर्ण हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम वनवास के दौरान लंका विजय कर जब अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण था। उन्होंने अपनी इस भावना का प्रकटन प्रकाश से किया था। घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रकाश और मंगलगान किया गया। दूसरा प्रसंग है समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी के आवाहन का। इसी लक्ष्मी के अपने घर आवाहन का पर्व है दीपावली। किसी कवि ने लिखा है, रात भर दिए ने अंधेरे से संघर्ष किया, सुबह उठकर लोगों ने उगते सूरज को ही सलाम किया। तब भी यह दीप जलता है आत्म कुंठा के अंधकार को भगाने के लिए। यह जलता है त्याग का प्रकाश फैलाने के लिए। यह दीप जलता है दुख-दारिद्रय का अंधियारा मिटाने के लिए। यह दीप जलता है सुख-समृद्धि का उजियारा फैलाने के लिए। यह दीप जलता है परोपकार व सदाचार का पथ आलोकित करने के लिए। दीपक का यह संघर्ष ही तो मानवता का संघर्ष है। संघर्ष अन्याय, अत्याचार व अनाचार के विरुद्ध। भगवान श्री राम ने भी तो यही किया था। दीपावली पर्व संदेश देता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का, असत्य पर सत्य की जीत का और मृत्यु से अमृत अर्थात अमरता की ओर बढ़ने का। यूनेस्को का यह महत्वपूर्ण आयोजन दिल्ली के लाल किले में चल रहा है, जिसमें दुनिया के 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक प्रतिनिधियों की उपस्थिति है। भारत इस आयोजन की पहली बार मेजबानी कर रहा है। अब तक भारत की 15 प्राचीन परंपराएं, कलाएं व सांस्कृतिक आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं।

इस सूची में कुंभ मेला, रामलीला, योग, नवरोज ( पारसी समुदाय का त्योहार, मुंबई, गुजरात, अंतराष्ट्रीय स्तर पर ईरान व मध्य एशिया), कुदियाकट्टम, ( केरल ), कालबेलिया नृत्य, चौह छऊ नृत्य (सरायकेला-झारखंड, पुरुलिया-पश्चिम बंगाल, मयूरभंज-उड़ीसा), बौद्ध चैत्य नृत्य, वैद्यकीय परंपराएं-आयुर्वेदिक ज्ञान ( केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, बनारस-उत्तरप्रदेश), रंजीतगढ़ ढोल ( पंजाब विशेषकर रंजीतगढ़ ), गरबा साइंत लोक नाट्य परंपरा ( उत्तरप्रदेश ), मुद्दियेत्तू ( केरल ) छऊ मुखौटा कला (पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा की मुखौटा निर्माण परंपरा), दुर्गा पूजा उत्सव ( कोलकाता ) शामिल हैं। दीपावली सहित अब यह संख्या 16 हो गई है। हालांकि भारत की प्राचीनता, ऐतिहासिकता व समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं की दृष्टि से मात्र 16 परम्पराओं व सांस्कृतिक आयोजनों का यूनेस्को की सूची में शामिल होना ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। किसी भी सांस्कृतिक धरोहर के यूनेस्को की सूची में आने का मतलब उसे वैश्विक पहचान मिलना और लोकप्रियता में वृद्धि होना होता है। इससे दुनियाभर के पर्यटक उसकी तरफ आकर्षित होते हैं, संबंधित देशों में पर्यटन बढ़ता है, संबंधित स्थानीय कलाकारों को नया कार्य मिलता है और इन देशों के अर्थ तंत्र को खासा लाभ पहुंचता है।

यूनेस्को सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने, दस्तावेज तैयार करने और आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता या सहयोग करता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर यूनेस्को आर्थिक व तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराता है। वर्ष 2024 में वैश्विक सर्वेक्षण एजेंसियों के अनुमान के अनुसार इटली में लगभग 7 करोड़ विदेशी पर्यटक पहुंचे थे, जबकि भारत में यह आंकड़ा 1 करोड़ के आसपास ही रहा। तुलनात्मक दृष्टि से हम अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। भारत के लिए यह चिंता व चिंतन का विषय होना चाहिए और भारत की अन्य धरोहरों को इस सूची में शामिल कराए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# भक्ति का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुःख नहीं होंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सकें। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी–कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। *– संकेत वर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# भारत ने श्रीलंका में फील्ड अस्पताल संचालन किया बंद

चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत द्वारा स्थापित फील्ड अस्पताल ने अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपना संचालन बंद कर दिया है। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत भारतीय सेना की शत्रुजीत ब्रिगेड के 78 सदस्यीय एकीकृत टास्क फोर्स के साथ एक पूर्ण विकसित पैरा फील्ड अस्पताल दो दिसंबर को श्रीलंका के लिए एयरलिफ्ट किया गया और कैंडी के पास महियांगनाया में तैनात किया गया ताकि तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



इसमें कहा गया है कि इस सुविधा में प्रतिदिन लगभग 1,000 से 1,200 रोगियों की देखभाल की गयी और अस्पताल आघात प्रबंधन सर्जरी सहित महत्वपूर्ण जीवन रक्षक चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया, "संचालन के दौरान, अस्पताल ने उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए, कुल 7,176 रोगियों का इलाज किया, 513 छोटी शल्य प्रक्रियाओं को अंजाम दिया और 14 बड़ी सर्जरी की गयीं, जिससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक में रोगियों को राहत और आराम मिला।"

## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



## ट्रेंड

### पटेल को हार्दिक श्रद्धांजलि



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया।' 'कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।' **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, मजबूत भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।' 'सरदार पटेल ने खंड-खंड में बंटे आजाद भारत को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एकीकृत कर मजबूत राष्ट्र का सुदृढ़ रूप दिया। **-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आतंकी हमले की निंदा



ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से अभी-अभी बात हुई। बॉण्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ऑस्ट्रेलिया को हमारा पूर्ण समर्थन देने की बात की। हम हनुक्का समारोह को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। **-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### यह बड़ी साजिश



यह केवल महात्मा गांधी नरेगा का नाम बदलने की बात नहीं। ये भाजपा-आरएसएस की मनरेगा को ख़त्म करने की साज़िश है। संघ के सौ साल पर गांधी का नाम मिटाना दिखाता है कि जो मोदी जी विदेशी धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं, वो कितने खोखले हैं। **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना
# मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड

**पीएम मोदी ने दी बधाई कहा- यह जीत देश के युवाओं में स्क्वॉश की लोकप्रियता बढ़ाएगी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

## ⏭ हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर रचा इतिहास

चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया। भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी। निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्क्वॉश वर्ल्ड कप जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि एसडीएटी स्क्वॉश वर्ल्ड कप 2025 में पहली बार खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रचा है। उन्होंने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय की सराहना की और कहा कि यह जीत देश के युवाओं में स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी।

## खबर संक्षेप




### 26 मार्च से शुरू होगा पीएसएल का 11वां सत्र

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग का 11वां सत्र अगले साल 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाएगा और लगातार दूसरी बार यह उसी समय होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग खेला जाता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने न्यूयॉर्क मे पीएसएल रोड शो के दौरान यह घोषणा की। आईपीएल भी मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होकर मई के आखिर तक चलता है। नकवी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान टीम के किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। पाकिस्तान को मार्च-अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस साल भारत और श्रीलंका में फरवरी मार्च में टी20 विश्व कप भी होना है।

### गेंदबाजों ने हमारे लिए दिक्कतें खड़ी की : माक्रम



**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नई गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिए दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिए जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से माक्रम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। माक्रम ने कहा,' उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नई गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा,'आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होंने वही किया।

### आचरेकर सर ने बदली मेरी जिंदगी : आमरे



**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रमाकांत आचरेकर के साथ अपनी शुरुआती मुलाकात को याद करते हुए भारत के पूर्व बल्लेबाज प्रवीण आमरे ने कहा कि इससे उनकी जिंदगी बदल गई थी। आमरे ने कहा, 'सब जानते हैं कि मैं अचरेकर सर का छात्र हूं लेकिन कोई नहीं जानता कि उनसे मेरी मुलाकात कैसे हुई। मैं शिवाजी पार्क के बाकी बच्चों की तरह ही क्रिकेट खेलता था। एक दिन मैंने अपने साथियों से कहा कि हमें 'लेदर' की गेंद से खेलना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मैं चप्पल पहनकर अचरेकर सर के पास गया और उनसे पूछा, 'क्या आप मेरी टीम के खिलाफ एक मैच खेल सकते हैं?' उन्होंने मुझसे कहा, 'आपको सफेद वर्दी और जूते पहने हुए 11 खिलाड़ियों के साथ 55 रुपये और एक गेंद देनी होगी।'

## आईपीएल : 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी 10 टीमें

# मिनी ऑक्शन : ग्रीन, लिविंगस्टोन और वेंकटेश बन सकते हैं फायदे का सौदा

एजेंसी ⏭ अबु धाबी

विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी में अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपए उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है।

### टीमों के पास 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध

#### लिविंगस्टोन और डिकॉक को मिल सकते हैं 9 करोड़




इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक 10 लाख डॉलर (नौ करोड़ रुपए) का आंकड़ा छू सकते हैं। डिकॉक ने बार-बार दिखाया है कि वह बल्ले से मैच विजेता हैं और विकेटकीपर के रूप में भी बहुत भरोसेमंद हैं। अनकैप्ड भारतीय प्रशांत वीर और मुकुल चौधरी बोली लगाने वालों को आकर्षित करेंगे जबकि पृथ्वी साव और सरफराज खान भी उम्मीद करेंगे कि उन्हे 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर कोई खरीदार मिले। अनकैप्ड भारतीयों में अशोक शर्मा पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। वह पहले आईपीएल टीम का हिस्सा रह चुके हैं।



#### केकेआर के पर्स में सर्वाधिक राशि

कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है, जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हमेशा से बड़ी बोलियां लगती रही हैं।

#### बोली की रकम और वेतन अलग-अलग

ऐसी चर्चा है कि ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में अपने हमवतन मिचेल स्टार्क (24 करोड़ 75 लाख रुपए) को पीछे छोड़ सकते हैं लेकिन इसमें भी एक पेंच है। भले ही ग्रीन की बोली 25 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए लेकिन फिर भी इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपए ही रहेगा। बोली की रकम और खिलाड़ियों का वेतन दोनों अलग-अलग होगा, जिसमें बोली की रकम को टीम के कुल सालाना खिलाड़ी वेतन में से काटा जाएगा। इसका कारण आईपीएल का 'अधिकतम फीस' नियम है, जिसके अनुसार छोटी नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम फीस सबसे अधिक कीमत (18 करोड़ रुपए) पर रिटेन किए गए खिलाड़ी और पिछली बड़ी नीलामी सबसे अधिक बोली (2025 में ऋषभ पंत के लिए 27 करोड़ रुपए) में से जो भी कम हो, वह होगी।

## एशेज

# इंग्लैंड टीम में बदलाव, टंग की वापसी, बशीर को नहीं मिली जगह



एजेंसी ⏭ एडिलेड

- तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान
- इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे

इंग्लैंड ने 17 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है।

टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है, जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा।

### ओपनिंग स्लॉट में डकेट का बल्ला खामोश



वहीं ओपनिंग स्लॉट में बेन डकेट का बल्ला अभी तक खामोश है। हैरी ब्रूक के बल्ले से भी रन नहीं निकले हैं। जैक क्रॉली की एक पारी दूसरे टेस्ट की हटा दें तो उन्होंने भी निराश किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंद से प्रभावित किया है लेकिन बल्ला खामोश रहा है। ऐसे में इंग्लैंड को अगर वापसी करनी है तो सभी खिलाड़ियों को फॉर्म दिखाना होगा।

### पर्थ में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लाप

इंग्लैंड की टीम अभी तक इस मौजूदा एशेज सीरीज में संघर्ष करती दिखी है। पर्थ में टीम की बल्लेबाजी फ्लाप रही थी। उसके बाद ब्रिसबेन में जो रूट ने शतक जरूर लगाया लेकिन गेंदबाजों ने निराश किया। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मुकाबले 8 विकेट से जीते। मिचेल स्टार्क दोनों मैच मिलाकर 18 विकेट ले चुके हैं। अंग्रेज उनकी गेंदबाजी का हल नहीं निकाल पा रहे हैं।

# शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

**शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ा**

एजेंसी ⏭ दुबई

महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का नवंबर महीने का 'माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला है। प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज के बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता।



#### पुरस्कार टीम कोच और परिवार को समर्पित

शेफाली ने कहा, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में मेरा पहला अनुभव मेरी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन यह मेरी कल्पना और उम्मीदों से कहीं बेहतर तरीके से समाप्त हुआ।" उन्होंने कहा, 'मैं आभारी हूं कि मैं फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने पहली बार विश्व कप जीतने के इतिहास का हिस्सा बन सकी।' शेफाली ने कहा, 'मैं नवंबर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम के साथियों, अपने सभी कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं, जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है।

#### हार्मर को मिला पुरुष वर्ग का पुरस्कार

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी के लिए पुरुष वर्ग का पुरस्कार मिला। हार्मर के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका भारत में 25 साल में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने में सफल रहा। हार्मर ने बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के हरफनमौला मोहम्मद नवाज को पछाड़कर पहली बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया। इस 36 साल के स्पिनर ने दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट लिए, जिससे उनकी टीम 2-0 से सूपड़ा साफ करने में सफल रही। उन्होंने कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में चार-चार जबकि गुवाहाटी में पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए थे।

### सभी सीनियर खिलाड़ी खेलें घरेलू क्रिकेट: बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारुप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं।

**कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, सिरसा**

**पुनः निविदा सूचना**

रबी व खरीफ 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027) के लिए सिरसा जिले की सभी मण्डियों में खाद्यान्न खरीद से सम्बन्धित स्टॉक एवं स्टॉक आर्टिकल्ज के परिवहन तथा श्रम एवं बुलाई कार्य हेतु खाद्य एवं पूर्ति विभाग, भारतीय खाद्य निगम, हैफेड वै हरियाणा वेयर हाऊस के लिए परिवहन तथा श्रम एवं बुलाई ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। टैण्डर की नियम एवं शर्तें वेबसाईट https://etenders.hry.nic.in से डाऊनलोड किये जा सकते है। उपरोक्त टैण्डर निम्न अनुसार खोले जायेगें।

| कार्य का नाम | टैण्डर आमन्त्रित करने की तिथि | टैण्डर खोलने की तिथि | दर बोली खोलने की तिथि व स्थान (Opening of Financial bids & finalization of tender by DLTC) |
|---|---|---|---|
| श्रम एवं बुलाई | 15.12.2025 प्रातः 09:00 बजे से दिनांक 20.12.2025 सांय 05:00 बजे तक | 22.12.2025 प्रातः 10:00 बजे | डी०एल०टी०सी० निर्णय अनुसार हैफेड कार्यालय रानियां रोड़, सिरसा |
| परिवहन | 15.12.2025 प्रातः 09:00 बजे से दिनांक 20.12.2025 सांय 05:00 बजे तक | 22.12.2025 प्रातः 10:00 बजे | डी०एल०टी०सी० निर्णय अनुसार हैफेड कार्यालय रानियां रोड़, सिरसा |

जिला निविदा कमेटी बिना किसी कारण बताये किसी भी निविदा अभवा सभी निविदाओं को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती हैं।
किसी भी पुछताछ सूचना प्राप्त करने हेतु निम्नहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है ।
For other details go to our website: https://etenders.hry.nic.in

**हस्ता/-जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक, सिरसा।**

पीआरडीएच - 1042/11/147/2026/41162/88/6 दि. 15.12.2025

Vi

**हमें बताएं**

हमारी हमेशा यही कोशिश होती है कि आपको सबसे बेहतर सेवा दें. पर कभी किसी कारण अगर हमारी सेवाओं में आपको कोई कमी नज़र आए या फिर आपके मन में कोई सवाल उठे, तो आप हमसे अपनी बात कह सकते हैं. हम जल्द से जल्द उसे सुलझाएंगे.

**Vi केयर**
आप हमसे Vi केयर पर किसी भी दिन 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं. हमें आपकी मदद करके खुशी होगी. किसी शिकायत या सर्विस के अनुरोध के लिए, हमारे कंज़्यूमर केयर नंबर 198 (टोल फ्री) पर कॉल करें. हमारे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज़ की जानकारी के लिए, अपने Vi मोबाइल फ़ोन से डायल करें *199# और अपने अकाउंट की जानकारी के लिए जनरल इंफॉर्मेशन नंबर 199 (टोल फ्री) पर कॉल करें. आप किसी निजी सहायता के लिए हमारे कॉल सेंटर एक्ज़िक्यूटिव को कॉल कर सकते हैं. गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से Vi ऐप डाउनलोड करें और पाएं अपने अकाउंट से संबंधित जानकारी, प्लान्स, बिल पेमेंट्स के साथ और भी बहुत कुछ. हमसे जुड़ें 9654297000 पर वॉट्सऐप के ज़रिए और पाएं Vi अकाउंट, बेस्ट ऑफ़र्स पर अपडेट्स के बारे में जानकारी और काफ़ी कुछ.

**VAS डीएक्टिवेट करने की प्रक्रिया**
आप किसी भी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ को IVR या SMS के द्वारा आसानी से डीएक्टिवेट कर सकते हैं:
- आप हमारे टोल फ्री नंबर 155223 पर डायल कर सकते हैं. भाषा चयन करने के बाद, सभी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ की सूची के साथ डीएक्टिवेट करने के विकल्प सुनाई देंगे.
- इसके अलावा, डीएक्टिवेट करने के लिए SMS करें STOP 155223 पर. सभी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ की सूची और साथ में रिटर्न SMS से विकल्प भेजने का अनुरोध SMS के द्वारा भेजा जाएगा. सर्विस 4 घंटे के अंदर डीएक्टिवेट कर दी जाएगी, जिसकी पुष्टि SMS के द्वारा भेजी जाएगी.

**इस्तेमाल नहीं करने की स्थिति में कंज़्यूमर के लिए सूचना**
- प्रीपेड कस्टमर्स द्वारा इस्तेमाल नहीं करने पर यानी लगातार 90 दिनों की अवधि तक कोई इनकमिंग/आउटगोइंग वॉइस या वीडियो कॉल, आउटगोइंग SMS, डेटा इस्तेमाल नहीं होने पर और ₹20 या अधिक का बैलेंस होने पर, Vi द्वारा ₹20 डेबिट किया जाएगा और ऑटोमैटिक नंबर रिटेंशन स्कीम (ANRS) के अंतर्गत इस्तेमाल नहीं करने की अवधि को 1 महीने के लिए बढ़ा दिया जाएगा.
- यह प्रक्रिया उस समय तक चलती रहेगी जब तक बैलेंस ₹20 से कम नहीं हो जाता. इसके बाद, नंबर को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा.
- कस्टमर डिस्कनेक्शन के 15 दिनों के अंदर ₹20 का भुगतान करके नंबर को फिर से एक्टिवेट करा सकते हैं.
- पोस्टपेड कस्टमर्स ₹150/3 महीने का मामूली चार्ज देकर अपने नंबर को अपने पास बनाए रख सकते हैं.

**अपीलेट अथॉरिटी से अपील**
यदि आप Vi केयर की कार्यवाही से ख़ुश नहीं हैं, तो आप हमारे अपीलेट अथॉरिटी- श्री देवेन्द्र जैन, वीपी, कस्टमर सर्विसेस से हमारे कस्टमर सर्विस एजेंट के पास 198 (टोल फ्री)/9813090003 पर रजिस्टर करते हुए और शिकायत नंबर के साथ अपील कर सकते हैं या appellate.har@vodafoneidea.com पर ई-मेल कर सकते हैं या श्री देवेन्द्र जैन, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड, आदित्य बिरला समूह और वोडाफ़ोन समूह के बीच भागीदारी,
(CIN – L32100GJ1996PLC030976), प्लॉट नं. 173, सेक्टर 3, HSIIDC इंडस्ट्रियल एरिया, करनाल, हरियाणा - 132001 को कृपया शिकायत समाधान के 30 दिनों के भीतर लिखें. हम जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करेंगे.

जब भी आप अपनी शिकायत दर्ज करेंगे आपको SMS के द्वारा आपका डॉकेट नंबर और शिकायत सुलझाने में लगनेवाले वक़्त के बारे में सूचित किया जाएगा. अधिक जानकारी और नियम व शर्तों के लिए www.myvi.in पर लॉग ऑन करें.

**रजिस्टर्ड ऑफ़िस**
वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड, सुमन टॉवर, प्लॉट नं.18, सेक्टर 11, गांधीनगर-382011, गुजरात.
T: +91 79 6671 4000

Vi वेबसाइट: - www.myvi.in
8684000198




## जयशंकर आज से इजराइल के दौरे पर

**यरुशलम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इजराइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयशंकर अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजेक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी। ताकि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा किया जा सके।



## सिडनी में हुए आतंकी हमले में बड़ा खुलासा

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हमला करने वाले पाकिस्तानी मूल के पिता-पुत्र

*ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में यह गोलीबारी 8 दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरुआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे।*

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में रविवार को हुई फायरिंग में अब तक 15 लोगों की मौत की खबर आई है। वहीं, दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक यहूदी त्योहार- हनुक्का के दौरान हुई इस गोलीबारी की घटना के बाद से ही पूरे ऑस्ट्रेलिया में सनसनी मची है। लगभग पूरे ऑस्ट्रेलिया में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इसे 1996 को पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद से सबसे खतरनाक गोलीबारी करार दिया है।

अधिकारियों ने इस गोली को लेकर जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक हमला दो बंदूकधारियों ने किया। यह दोनों पिता-पुत्र थे, जिन्होंने खास तौर पर बॉन्डी बीच को ही निशाना बनाया और यहां लोगों पर गोलीबारी की। इनके नाम साजिद अकरम और नवीद अकरम बताए गए हैं।

*अब तक पंद्रह लोगों की मौत, यहूदियों पर की थी अंधाधुंध फायरिंग*

*हमलावरों ने बच्चों और बुजुर्गों को अंधाधुंध निशाना बनाया*




हमले के बाद बुजुर्ग को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी

### हमलावर साजिद पर 6 बंदूकें

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, साजिद अकरम फल बेचने के कारोबार में शामिल है। उसके पास न्यू साउथ वेल्स में छह बंदूकें रखने का लाइसेंस है। पुलिस का मानना है कि उसने सभी बंदूकों का इस्तेमाल यहूदियों पर हमले के लिए किया।

### काले कपड़े पहने हुए थे बंदूकधारी



आतंकी साजिद अकरम



आतंकी नवीद अकरम

इस घटना के दौरान की जो फुटेज सामने आई उनमें दो काले कपड़े पहने हुए बंदूकधारियों को कैंपबेल परेड मैदान और बॉन्डी बीच के पवेलियन के मध्य में बने पुल में खड़े देखा गया। ये दोनों लोग ऊंचाई की जगह से लगातार नीचे खड़े लोगों पर फायरिंग कर रहे थे। पुलिस की तरफ से जो वीडियो साझा किए गए, उनके जरिए सामने आया कि एक बंदूकधारी साजिद अकरम और दूसरा उसका बेटा- नवीद अकरम था। साजिद पुल पर फायरिंग के बाद पार्क एरिया पहुंच गया। इस दौरान जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें लोगों को इधर-उधर भागते देखा गया।

### कब-कैसे रची गई घटना की साजिश?

- पुलिस ने कुछ घंटों बाद हमलावरों की पहचान जारी कर दी। इसमें एक हमलावर
- साजिद अकरम (50) और दूसरा उसका बेटा- 24 वर्षीय नवीद अकरम था।
- इनका घर न्यू साउथ वेल्स के बोनीरिग में है, जो कि बॉन्डी बीच से करीब एक घंटे की दूरी पर है। आशंका है कि दोनों ने हमले की साजिश काफी पहले रच ली थी।
- उन्होंने कुछ हफ्ते पहले ही बॉन्डी बीच से आधे घंटे की दूरी पर स्थित कैंपसी में एक कमरा किराए पर ले लिया था। पुलिस ने यहां छापेमारी की है।
- इस जगह एक विस्फोटकों से भरा वाहन भी मिला, जिसके हमलावरों से जुड़े होने का शक है। पुलिस को घटना में किसी और के शामिल होने का शक नहीं है।

### घटना को लेकर क्या बोले परिजन?

- घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने परिवारवालों को बताया था कि वे वीकेंड में मछली पकड़ने (फिशिंग ट्रिप) के लिए जेर्विस बे की यात्रा पर जा रहे हैं।
- नवीद की मां- वेरेना ने बताया कि बेटे ने उन्हें हमले से कुछ घंटे पहले ही फोन किया था। उन्होंने कहा कि वे गोलीबारी के दौरान की तस्वीरों से बेटे को पहचान नहीं पाईं।

## किंग अब्दुला के निमंत्रण पर ओमान पहुंचे पीएम मोदी, गर्मजोशी से स्वागत

# यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को और बढ़ाना जिनके साथ गहरे रिश्ते

एजेंसी ▶▶| मस्कट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने मोदी का स्वागत किया। पीएम ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात भी की। इस दौरान कलाकारों ने मोदी के सामने कल्चरल परफॉर्मेंस दी। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे।

आपको बता दें, प्रधानमंत्री मोदी सोमवार से जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की तीन देशों की राजकीय यात्रा पर हैं इस यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ाना है, जिनके साथ भारत के गहरे सभ्यतागत संबंध और नई दिल्ली के साथ मज़बूत समकालीन द्विपक्षीय संबंध हैं।

तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी | मोदी जॉर्डन में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले

### भारत-जॉर्डन रिश्ते के 75 साल पूरे



पीएम मोदी को जॉर्डन में सेरेमोनियल वेलकम दिया गया।

*भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं। भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26,033 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13,266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45,275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है।*

### भारतीय समुदाय के लोगों से मिले मोदी

पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। वही मोदी के सामने कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी किया।

### यूरोप तक सामान पहुंचाने में बचेगा समय

भारत से कार्गो पहले समुद्री रास्ते से यूएई या सऊदी अरब पहुंचेगा। वहां से रेल के जरिए जॉर्डन और इजराइल होते हुए सीधे यूरोप तक भेज दिया जाएगा। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय बचेगा।

**यूरोप तक जल्दी पहुंचेगा भारत का सामान**

*टीएमईसी को यूरोप और साउथ एशिया को सीधा जोड़ने वाला नया ट्रेड रूट माना जा रहा है। अभी भारत से यूरोप तक कार्गो स्वेज कैनाल और लाल सागर से होकर गुजरता है। यह समुद्री रूट लंबा और भीड़भाड़ वाला है। इसमें समय भी ज्यादा लगता है। टीएमईसी कॉरिडोर की कुल लंबाई 6 हजार किलोमीटर है। इसमें यूरोप से इजराइल और यूएई से भारत के बीच 3500 किलोमीटर लंबा समुद्री मार्ग भी शामिल है।*

### आईएमईसी कॉरिडोर पर भी चर्चा संभव

भारत में साल 2023 में G20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिए भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जाएगा। आईएमईसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विकल्प बताया जा रहा है। आरबीआई भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरुआत 2013 में हो चुकी है। आईएमईसी के ऐलान के करीब 1 महीने बाद 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला शुरू कर दिया। इससे आईएमईसी के भविष्य पर सवाल उठाए जाने लगे। 2 साल बाद गाजा जंग के रुकते ही एक बार फिर ये कॉरिडोर चर्चा में आ गया है।

## दोनों पक्षों ने की चौथे दौर की बातचीत खत्म

# भारत और न्यूजीलैंड में एफटीए पर बातचीत जल्द पूरी होने की संभावना, आमने-सामने बैठकर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶| नयी दिल्ली

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है। दोनों पक्षों ने चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद हाल में आधिकारिक और मंत्री स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये और आमने-सामने बैठकर बैठकें की हैं। पिछले हफ्ते, न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक लगभग 14 दौर की बातचीत कर चुके हैं। ईयू की टीम दिसंबर में पूरे एक सप्ताह तक यहां थी और दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि करीब आने पर मतभेद सामने आते हैं। इसलिए, अब हम उन्हें कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कई मुद्दों पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। जल्द इससे जुड़ी जानकारियां साझा की जाएंगी।



■ वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल

### अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर कहा- हम बहुत करीब

सचिव ने अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमारे व्यापारिक संबंधों का जायजा लेने में मदद मिली। हम रूपरेखा तैयार करने में बहुत करीब हैं। इसे संभवतः थोड़े समय में पूरा कर लिया जाएगा। मैं बातचीत समाप्त होने तक की कोई समयावधि नहीं बताऊंगा।

## कांगो में नहीं थम रहा संघर्ष, 5 लाख से ज्यादा लोग किए विस्थापित

**नई दिल्ली।** कांगो के पूर्वी हिस्से में पिछले 15 दिन से भीषण संघर्ष जारी है, जिसकी वजह से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है, इस संघर्ष का असर आम जनजीवन पर भी काफी ज्यादा पड़ रहा है। इसकी वजह से दक्षिण किवु प्रांत में पांच लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग एक लाख बच्चे शामिल हैं, यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड (यूनिसेफ) ने ये जानकारी दी है।



इतना ही नहीं यूनिसेफ न लाखों बच्चों के विस्थापन पर चिंता भी जताई है। यूनिसेफ ने लाखों लोगों के विस्थापन पर अपनी चिंता जताई। एक बयान में कहा गया कि वह दक्षिण किवु में बढ़ती शत्रुता से बहुत चिंतित है, जिसके कारण लाखों बच्चों और परिवारों को सुरक्षा के लिए डीआरसी (पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो) के अंदर और पड़ोसी बुरुंडी और रवांडा में सीमाओं के पार भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## मामला अनिल अंबानी से जुड़ा

# ईडी ने यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से की गई पूछताछ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लान्ड्रिंग जांच के तहत पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, कपूर का बयान मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। उस समय के ऋणों के अवैध वितरण से जुड़े 68 वर्षीय राणा कपूर को ईडी द्वारा अलग-अलग मनी लान्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जब वह यस बैंक का नेतृत्व कर रहे थे। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस मामले में कपूर और अंबानी के बीच क्विड प्रो क्वो (किसी चीज के बदले में कुछ और देने) का संदेह है। अधिकारियों के अनुसार, यस बैंक का अनिल अंबानी समूह (एडीएजी समूह) के प्रति 31 मार्च, 2017 तक लगभग 6,000 करोड़ रुपए का एक्सपोजर था और यह आंकड़ा एक वर्ष के भीतर (31 मार्च, 2018 तक) 13,000 करोड़ रुपए तक दोगुना हो गया। जांच के दायरे में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) की कंपनियां शामिल हैं। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन निवेशों का बड़ा हिस्सा घाटे के निवेशों (एनपीआइ) में बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक को इन लेनदेन से 3,300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ये लेनदेन यस बैंक के निवेशों के बदले क्विड प्रो क्वो थे। एडीएजी कंपनियों ने कपूर के परिवार द्वारा नियंत्रित फर्मों को ऋण प्रदान किए।



राणा कपूर- अनिल अंबानी

## नाइटक्लब में आग से 25 लोगों की हुई थी मौत

# थाईलैंड की अदालत में लूथरा बंधुओं के मामले पर सुनवाई की संभावना



सौरव और गौरव लूथरा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

गोवा के जिस नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोलका ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के प्राधिकारियों ने 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया। भारतीय मिशन इस मामले में थाईलैंड सरकार के लगातार संपर्क में है। दोनों भाइयों से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेज आधिकारिक कानूनी माध्यमों से हस्तांतरित कर दिए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25